सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 27.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 30.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,802 |
| निफ्टी | 24,013 |
| सोना | 1,45,000 |
| चांदी | 2,32000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 22 जून 2026 | 8 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 174, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### वैभव सूर्यवंशी की फास्टेस्ट फिफ्टी से इंडिया-ए चैंपियन



**एजेंसी, दांबुला।** इंडिया-ए ने फाइनल में श्रीलंका-ए को 66 रन से हराकर ट्राई सीरीज अपने नाम कर ली। इंडिया-ए ने दांबुला में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 377 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका-ए 47.1 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारत की जीत के हीरो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रन की पारी खेली। वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 50 ओवर क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा ने 67, ऋतुराज गायकवाड ने 40 और अनुकूल रॉय ने 15 गेंदों पर 39 रन का योगदान दिया। 378 रन का पीछा करने उतरी श्रीलंका-ए की शुरुआत खराब रही। टीम के लिए वनुजा सहान ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा ने 52 रन की पारी खेली। भारत-ए के लिए यश ठाकुर और विप्रज निगम ने 3-3 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका होर्मुज में टोल लगा सकता है : ट्रंप



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ईरान के साथ 60 दिनों में कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाने पर विचार कर सकता है। यह शुल्क मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर हुए अमेरिकी खर्च की भरपाई के लिए होगा। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि सीजफायर के दौरान अगले 60 दिनों तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर कोई टोल नहीं लगाया जाएगा। 60 दिन खत्म होने के बाद भी टोल नहीं लगाया जाएगा, जब तक यह अमेरिका की तरफ से नहीं लगाया गया होता। इस बीच अमेरिका और ईरान शांति वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। अमेरिकी डेलिगेशन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर हैं। वहीं, ईरानी डेलिगेशन का नेतृत्व विदेश मंत्री अब्बास अराघच कर रहे हैं। संसद स्पीकर बाघेर गालिबाफ भी बातचीत में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### अमृतसर बॉर्डर के पास 27 किलो हेरोइन बरामद

**एजेंसी, अमृतसर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पुल मोरन के नजदीक बॉर्डर बेल्ट से 27 किलो हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की है। सुरक्षा एजेंसियों को विशेष खुफिया सूचना मिली थी कि पाकिस्तान स्थित तस्करों ने ड्रोन के जरिए घरिंडा क्षेत्र में हेरोइन की बड़ी खेप गिराई है। सूचना मिलते ही बीएसएफ और पंजाब पुलिस की टीमों ने इलाके में संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने 27 किलो हेरोइन बरामद की। बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस खेप को सीमा पार से भेजने और स्थानीय स्तर पर प्राप्त करने में किन लोगों की भूमिका रही है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर बनेगा खेलों का हब : सीएम सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने अणु में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम में दो हजार लोगों के साथ किया योगाभ्यास

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला हमीरपुर के अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और बच्चों सहित लगभग दो हजार लोगों के साथ करीब 45 मिनट तक योगाभ्यास किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन और धनवंतरि पूजन के साथ योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने आईडीवाई यानि इंटरनेशनल डे फॉर योगा से संबंधित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस पुस्तिका में योगासनों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियों का संक्षेप संकलन किया गया है।



अणु में सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में योग दिवस के दौरान सीएम सुक्खू व अन्य योग करते हुए। अनंत ज्ञान

राष्ट्रीय स्तरीय खेलें हिमाचल में करवाने के लिए प्रयासरत आयुष विभाग द्वारा राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हमीरपुर के अणु स्थित सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह राणा तथा अन्य कांग्रेस नेताओं ने योगासन कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। योग सत्र के उपरांत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साई सेंटर के खिलाड़ियों और बच्चों से बातचीत की तथा खेल सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि भविष्य में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र हमीरपुर बनेगा। उन्होंने बताया कि नादौन में आधुनिक स्पोर्ट्स सेंटर का निर्माण अंतिम चरण में है, जहां विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, ओबीसी वित एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, ओबीसी आयोग के सदस्य राजीव राणा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, आयुष विभाग की सचिव शाइनामोल, निदेशक रोहित जमवाल, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया की मेजबानी की तैयारी में हिमाचल

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए प्रयासरत है और अगले वर्ष खेलो इंडिया के आयोजन के लिए भी हिमाचल प्रदेश दावेदारी प्रस्तुत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि खेल अवसंरचना के विस्तार से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और हिमाचल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

# योग से 70 की उम्र में भी 50 जैसी ऊर्जा संभव : पीएम मोदी



**एजेंसी, कोलकाता**

पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए। उन्होंने कहा कि विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की एक से एक अद्भुत तस्वीर आ रही है। पूरा देश योग की उर्जा के चैत्नय से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# गोवा अवैध खनन मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 1,023 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गोवा के अवैध लौह अयस्क खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सलगांवकर समूह (एवीएस ग्रुप) से जुड़ी 1,023.85 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है। ईडी के पणजी कार्यालय ने 19 जून को जारी अंतरिम आदेश में यह कुर्की की। इसमें भारत में 459.10 करोड़ की 99 अचल संपत्तियां, सिंगापुर में 471.32 करोड़ की 31 संपत्तियां और भारतीय कंपनियों में 93.42 करोड़ रुपये के शेयर शामिल हैं।

एजेंसी के अनुसार, जांच गोवा पुलिस की एफआईआर और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व एमएमडीआर एक्ट के तहत दर्ज मामलों पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 और 2018 के फैसलों में 22 नवंबर 2007 के बाद



हुए खनन को अवैध माना था। ईडी ने पाया कि 2007 से 2012 के बीच एवीएस समूह ने 10 खनन पट्टों से अवैध खनन कर लगभग 2,492.95 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की। इस अयस्क को ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स की शेल कंपनियों के जरिए चीन भेजा गया, जिससे 2,744.89 करोड़ का अतिरिक्त लाभ हुआ। कुल मिलाकर मामले में 5,237.84 करोड़ रुपये की अपराध आय का अनुमान है। धन विदेशों में संपत्ति खरीदने और कंपनियों के माध्यम से भारत लाने में इस्तेमाल किया गया। जांच अभी जारी है। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु की सीफूड फैक्टरी में गैस रिसाव, 7 लोगों की मौत

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्टरी में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 65 से ज्यादा घायल हैं। घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई।

जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित एनडीआरएफ की चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया। तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला कलेक्टर एस. कविता ने बताया कि 46 मरीजों को वेल्स हॉस्पिटल और 21 मरीजों को वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इनमें से नौ गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एंबुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। अधिकांश कर्मचारी 24 से 25 वर्ष की युवा महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की नाड़ी और रक्तचाप की निगरानी की जा रही है। मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने 3 सदस्यीय समिति गठित करने के आदेश दिए हैं। । सरकार ने समिति को 24 घंटे के भीतर अंतरिम रिपोर्ट और तीन दिनों के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल बिजली बोर्ड में 3 अधिकारियों को मिली डिप्टी सेक्रेटरी की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तीन अंडर सेक्रेटरी अधिकारियों को डिप्टी सेक्रेटरी पद पर पदोन्नत किया है। विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की सिफारिशों के आधार पर जारी आदेशों के तहत यह पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं।

पदोन्नति आदेशों के अनुसार तिलक राज, राजेश कुमारी और विद्या देवी को डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। तिलक राज वर्तमान में कार्यकारी निदेशक (कार्मिक) कार्यालय में कार्यरत हैं, जबकि राजेश कुमारी मुख्य अभियंता (ऑपरेशन) जोन हमीरपुर तथा विद्या देवी मुख्य अभियंता (इलेक्ट्रिकल

◆ **अनुभवी अधिकारियों पर जताया भरोसा**

सिस्टम) हमीरपुर कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रही हैं। तीनों अधिकारियों को लेवल-20 वेतनमान में पदोन्नत किया गया है और यह पदोन्नति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

बोर्ड प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पदोन्नत अधिकारियों को तत्काल किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। वे फिलहाल अपने वर्तमान कार्यस्थलों पर ही सेवाएं देते रहेंगे, जिससे कार्यालयों के नियमित कार्यों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने और लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है।

### वेतन निर्धारण और वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि चुनने का विकल्प

**पदोन्नत** अधिकारियों को संशोधित वेतन विनियम-2022 के तहत वेतन निर्धारण और वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि चुनने का विकल्प भी प्रदान किया गया है। इसके लिए उन्हें पदभार ग्रहण करने के एक माह के भीतर अपना विकल्प विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इससे अधिकारियों को वित्तीय लाभों के निर्धारण में सुविधा मिलेगी और सेवा संबंधी औपचारिकताएं समय पर पूरी हो सकें। बोर्ड ने यह भी कहा है कि डिप्टी सेक्रेटरी संवर्ग में पदोन्नत अधिकारियों की वरिष्ठता सूची अलग से जारी की जाएगी। इसके लिए निर्धारित विभागीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

# हिमाचल में आज से बारिश-आंधी का येलो अलर्ट

## मानसून अब भी धीमा, कई जिलों में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में फिलहाल मानसून की दस्तक का इंतजार लंबा होता दिख रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 22 से 25 जून के बीच गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने में अभी कुछ और दिन लग सकते हैं। सामान्य तौर पर हिमाचल में मानसून 25 जून के आसपास प्रवेश करता है, लेकिन इस बार इसकी रफ्तार धीमी बनी हुई है। पिछले वर्ष मानसून ने 20 जून को ही प्रदेश में दस्तक दे दी थी।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा अरब सागर और पूर्वी भारत के हिस्सों



से गुजर रही है। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ और क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। हालांकि हिमाचल तक इसके पहुंचने में अभी समय लग सकता है। यही वजह है कि इस बार जून के अंतिम दिनों में मानसून के प्रवेश की संभावना अधिक मानी जा रही है। पूर्वानुमान के अनुसार 22, 23, 24 और 25 जून को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। सप्ताह के अन्य दिनों में भी कहीं-कहीं हल्की वर्षा की संभावना बनी रहेगी। हालांकि शनिवार सुबह तक बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई।

### पांवटा साहिब में सबसे अधिक तापमान दर्ज

**मौसम** विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार सुबह प्रदेश में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान पांवटा साहिब में 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद नेरी 26.0, देहरा गोपीपुर 25.1, बिलासपुर 24.0, मंडी 22.2, ऊना 22.0, कांगड़ा 21.7, सुंदरनगर 21.6, हमीरपुर 21.5, जुब्बड़हट्टी 20.4, बरठीं 20.8, पालमपुर 20.0, नाहन 19.9, भुंतर व सोलन 18.6, सराहन 18.2, शिमला 17.0, सैंजोबाग 16.4, धर्मशाला और मशोबरा 15.4, मनाली और रिकांगपिओ 14.6, भरमौर 14.0, कुफरी 14.0, कल्पा 11.0, ताबो 8.4, कुकुमसेरी 7.0 व केलांग में सबसे कम 6.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**ताकत** भारतीय नौसेना में शामिल हुए आईएनएस अग्रय, दूनागिरी और संशोधक

# स्वदेशी युद्धपोतों से अभेद्य हुई भारत की समुद्री सीमा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के समुद्री बेड़े में रविवार को एक साथ तीन जहाजों का शामिल होना बड़ी उपलब्धि है। साथ ही भारतीय नौसेना की समुद्र में ताकत बढ़ी है। इसमें एक जहाज गहरे समुद्र और तटीय इलाकों के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे अब खोज और बचाव कार्यों में और तेजी आ सकेगी। घातक ब्रह्मोस मिसाइलों, टॉरपीडो और रडार से बचने की उन्नत तकनीकों से लैस आईएनएस दूनागिरी मिलने से नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ेगी।

नौसेना में शामिल किया गया आईएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है, जिससे पानी में ही दुश्मन



की पनडुब्बियों को नष्ट करने की क्षमता बढ़ेगी। आईएनएस संशोधक भारतीय नौसेना का एक अत्याधुनिक स्वदेशी सर्वेक्षण पोत है। यह 'संधायक' श्रेणी के सर्वेक्षण जहाजों का चौथा और अंतिम जहाज है, जिसे विशेष रूप से गहरे समुद्र और तटीय इलाकों के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। इसका निर्माण कोलकाता के 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' में किया गया है और इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह पोत उन्नत सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है, जिसमें डिजिटल साइड-स्कैन सोनार और स्वायत्त पानी के नीचे के वाहन शामिल हैं। इस पोत का वजन लगभग 3,400 टन है। सर्वेक्षण के अलावा यह पोत संकट के समय खोज और बचाव कार्यों में सहायता करने और नौसेना के लिए महत्वपूर्ण समुद्र-तटीय डेटा एकत्र करने में सक्षम है। यह पोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री निगरानी, सुरक्षा व अनुसंधान क्षमताओं को बड़ी मजबूती प्रदान करेगा।

इस मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने एक साथ शामिल तीन जहाजों को कमीशन करने की इस उपलब्धि पर समर्पित टीम को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने जहाजों को राष्ट्र को किया समर्पित

**पश्चिम** बंगाल के कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीन अत्याधुनिक स्वदेशी जहाजों आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक राष्ट्र को समर्पित किए। तीनों जहाजों का औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल होना निश्चित ही भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है। तीनों ही जहाजों का निर्माण भारत में स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया है। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री निगरानी, सुरक्षा और अनुसंधान क्षमताओं को बड़ी मजबूती मिलेगी।



# पर्यटकों से पैक हुई हिल्स क्वीन

## रोजाना पहुंच रहे 40 हजार वाहन, राजधानी के होटलों में 90 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी

अनंत ज्ञान



**शिमला।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पर्यटन सीजन चरम पर पहुंच गया है। सुहावने मौसम और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने हुए दिन के तापमान ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली से आने वाले सैलानियों की सबसे ज्यादा मौजूदगी देखने को मिल रही है। इस सप्ताहांत पर शहर के होटल लगभग 90 फीसदी तक भर गए हैं।

जिला पुलिस शिमला के अनुसार मई और जून 2026 के दौरान अब तक जिले के विभिन्न प्रवेश मार्गों से 16 लाख से अधिक वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई है। इनमें मई में करीब 8.5 लाख और जून में अब तक लगभग 7.5 लाख वाहन आए हैं। औसतन रोजाना करीब 40 हजार वाहनों की आवाजाही हो रही है। पुलिस का कहना है कि यह किसी भी पर्यटन केंद्र पर अत्यधिक यातायात दबाव को दर्शाता है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि पर्यटन सीजन के चरम पर भी यातायात व्यवस्था को नियंत्रित और सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने पर्यटकों से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

यहां के रिज मैदान, माल रोड, जाखू मंदिर और लोअर बाजार सहित प्रमुख स्थानों पर पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है। कार्ट रोड से माल रोड तक जाने वाली लिफ्ट के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। शहर के अधिकांश पार्किंग स्थल भी वाहनों से भरे हुए हैं। शिमला के साथ-साथ कुफरी और नारकंडा जैसे पर्यटन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे इन इलाकों में भी रौनक बढ़ गई है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या का असर यातायात पर भी दिखाई दे रहा है।

कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिमला के प्रवेश द्वारों के आसपास कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति अधिक देखने को मिल रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि भारी दबाव के बावजूद यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस दबाव से निपटने के लिए यातायात ड्यूटी पर तैनात पुलिस और होमगार्ड कर्मियों की संख्या 136 से बढ़ाकर 220 की गई है। इसके अलावा करीब 50 स्वयंसेवकों और छात्र वालंटियरों को भी यातायात प्रबंधन में लगाया गया है। ट्रैफिक बाइक राइडर्स की संख्या भी 7 से बढ़ाकर 32 कर दी गई है, जो संवेदनशील स्थानों पर तत्काल पहुंचकर यातायात बहाल करने का काम कर रहे हैं।

### पुलिस ने पांच सेक्टरों में बांटा शिमला शहर

**पुलिस** ने पूरे शहर को पांच सेक्टरों में बांटकर निगरानी व्यवस्था लागू की है। भारी वाहनों के खराब होने या सड़क अवरुद्ध होने की स्थिति से निपटने के लिए तीन क्रेन भी तैनात की गई हैं। शहर के भीतर यातायात दबाव कम करने के लिए कुफरी, मशोबरा, नारकंडा और अपर शिमला की ओर जाने वाले वाहनों को शोघी-मेहली बाईपास मार्ग से भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार प्रतिदिन औसतन करीब 800 वाहनों को इस वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया जा रहा है। वहीं अपर शिमला से चंडीगढ़ और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को ढली बाइफरकेशन से भी मोड़ा जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट मोबिलिटी की दिशा में नगर निगम का बड़ा फैसला

# शिमला में बनेंगे दो आधुनिक साइकिल ट्रैक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में यातायात व्यवस्था को अधिक पर्यावरण अनुकूल, आधुनिक व टिकाऊ बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। शहर में दो नए साइकिल ट्रैक विकसित करने की योजना को लेकर सहमति बन गई है, जिससे न केवल प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी बल्कि लोगों को छोटी दूरी की यात्राओं के लिए एक स्वस्थ और सुविधाजनक विकल्प भी उपलब्ध होगा।

नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में साइकिल ट्रैक परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने संभावित मार्गों, बुनियादी सुविधाओं, संचालन व्यवस्था तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि शिमला जैसे पहाड़ी शहर में साइकिल आधारित परिवहन व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मजबूत आधारभूत ढांचे का निर्माण जरूरी है। प्रस्तावित योजना के अनुसार पहला साइकिल ट्रैक सीटीओ क्षेत्र से एडवांस स्टडी क्षेत्र होते हुए समरहिल तक विकसित किया जाएगा।

◆ संजौली से आईजीएमसी और समरहिल तक साइकिल नेटवर्क विकसित करने की योजना

यह मार्ग विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी माना जा रहा है। वहीं दूसरा ट्रैक दाड़ा-संजौली क्षेत्र से शुरू होकर संजौली चौक, आईजीएमसी और आसपास के प्रमुख संस्थानों को जोड़ेगा। इन ट्रैक का उद्देश्य शहर में छोटी दूरी की यात्राओं के लिए निजी वाहनों पर निर्भरता कम करना और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना है।

नगर निगम का मानना है कि यदि यह योजना सफल रहती है तो भविष्य में शहर के अन्य क्षेत्रों को भी साइकिल नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है। इससे ट्रैफिक दबाव कम होगा, पार्किंग की समस्या में राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को नई मजबूती मिलेगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि केवल ट्रैक निर्माण से योजना सफल नहीं होगी, बल्कि इसके लिए पर्याप्त संख्या में साइकिल स्टैंड, सुरक्षित पार्किंग स्थल और बेहतर संचालन व्यवस्था भी विकसित करनी होगी। हालांकि साइकिल स्टैंड कहां स्थापित किए जाएंगे, उनकी क्षमता कितनी होगी और उनका स्वरूप कैसा होगा, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने माना है कि साइकिल ट्रैक की उपयोगिता तभी बढ़ेगी जब लोगों को सुरक्षित पार्किंग और सुविधाजनक स्टैंड उपलब्ध होंगे। इसी उद्देश्य से 25 जून को प्रस्तावित बैठक में स्टैंडों के स्थान, डिजाइन, संचालन और रखरखाव व्यवस्था पर अंतिम चर्चा की जाएगी। इसके बाद परियोजना को अंतिम रूप देकर कार्यान्वयन प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

### साइकिल से आवाजाही को प्रोत्साहित करने के प्रयास तेज : महापौर

**महापौर** सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला में साइकिल आधारित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए ठोस और व्यावहारिक योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैक निर्माण के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि लोग साइकिल को दैनिक आवागमन का बेहतर विकल्प बना सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल भविष्य में शिमला को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

## योग दिवस पर रामपुर स्कूल में करवाया सामूहिक योगाभ्यास



अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज रामपुर में पद्म वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर बुशहर के ऑडिटोरियम में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रात: 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार रामपुर योगेश कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग रामपुर के प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया तथा योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी।

योग कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस योग दिवस कार्यक्रम में उप मंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहिणी शर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी रामपुर डॉ. ज्योत्सना, डॉ. उमेश कटोच भी उपस्थित रहे।

# अब चेहरे की पहचान से ही मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को अब चेहरे की पहचान से ही छात्रवृत्ति मिलेगी। केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया में यह बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए अब अपने चेहरे का डिजिटल पहचान के माध्यम से सत्यापन कराना होगा। फर्जी आवेदनों और गलत दावों पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

इस बाबत उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. हरीश कुमार अवस्थी की ओर से शिक्षण संस्थान प्रमुखों को पत्र जारी किया गया। छात्रों की सुविधा के लिए मंत्रालय ने सेतु नामक नया मोबाइल एप भी शुरू किया है। यह एप राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म उमंग से एकीकृत है। इसके माध्यम से विद्यार्थी घर बैठे ही आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन और आवेदन की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इस बदलाव से छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। लाभार्थियों की पहचान अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगी। फर्जी लाभार्थियों और आवेदनों पर रोक लगेगी। छात्रवृत्ति की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाएगी, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुरक्षित और पारदर्शी बनेगी।

### 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है सुविधा

**देश** में अलग-अलग भाषाई पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए सेतु प्लेटफार्म को 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को अपनी मातृभाषा में आवेदन और अन्य सेवाओं का उपयोग करने में आसानी होगी।

# योग भारत की अमूल्य धरोहर और स्वस्थ जीवन का आधार : कटवाल

अनंत ज्ञान



**शिमला।** शिमला जिले के उपनगर संजौली में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टीस संजौली मंडल की ओर से योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, संजीव देशटा, मंडल अध्यक्ष संजीव चौहान सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से आए प्रशिक्षकों ने किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और स्वस्थ जीवन का मजबूत आधार भी है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है।

संजीव कटवाल ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होंने कहा कि आज 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है और योग वैश्विक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखी गई है।

यह विषय इस बात पर जोर देता है कि योग व्यक्ति को जीवन के हर चरण में शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाए रखने में मदद करता है।

# हिमाचल में विकसित होंगे चौड़ी पत्ती वाले वन

## विभाग का जैव विविधता बढ़ाने और नमी संरक्षण पर विशेष जोर, घटेगी वनाग्नि की घटनाएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष वनाग्नि से होने वाले भारी नुकसान को देखते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रदेश के चीड़ प्रधान जंगलों को चरणबद्ध तरीके से चौड़ी पत्ती वाले वनों में परिवर्तित किया जाएगा। इस कदम से जंगलों में आग लगने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी, पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण को भी नई मजबूती मिलेगी। चौड़ी पत्ती वाले वृक्ष न केवल आग के प्रति अपेक्षाकृत कम संवेदनशील होते हैं बल्कि मिट्टी में नमी बनाए रखने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।



जानकारी के अनुसार राज्यसभा की विज्ञान, प्रौद्योगिकी, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के समक्ष राज्य सरकार ने वनाग्नि नियंत्रण के लिए अपनी दीर्घकालिक रणनीति का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव के.के. पंत, प्रधान मुख्य अरण्यपाल संजय सूद तथा वन संरक्षण एवं वनाग्नि नियंत्रण अधिकारी मृत्युंजय माधव ने समिति को बताया कि प्रदेश के कुल वन क्षेत्र का लगभग 17.86 प्रतिशत हिस्सा चीड़ वनों से आच्छादित है, जो गर्मियों के दौरान सबसे अधिक आग की चपेट में आते हैं। ऐसे में वन संरचना में बदलाव लाकर आग की घटनाओं को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा।

बता दें कि प्रदेश में इस वर्ष 9 जून तक वनाग्नि की 410 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जिनसे 4,741 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इन घटनाओं के कारण करीब 1.41 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। मंडी, धर्मशाला, नाहन और शिमला जैसे वन मंडल सबसे अधिक संवेदनशील माने गए हैं। अधिकारियों ने समिति को बताया कि वर्ष 2022-23 में 2,938 वनाग्नि घटनाएं दर्ज हुई थीं, जो पिछले एक दशक में सबसे अधिक थीं। वहीं वर्ष 2024-25 में 32 हजार हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित होने से रिकॉर्ड स्तर का नुकसान सामने आया था।

वन विभाग का मानना है कि चीड़ की सूखी पत्तियां आग को तेजी से फैलाने का प्रमुख कारण बनती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए लैंटाना जैसी आक्रामक वनस्पतियों के उन्मूलन, वन भूमि में नमी संरक्षण और ईंधन भार कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

विभाग का मानना है कि यदि जंगलों में चौड़ी पत्ती वाले वृक्षों का अनुपात बढ़ाया जाता है तो आग की तीव्रता और विस्तार दोनों को नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके साथ ही जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्यजीवों के लिए बेहतर आवास का भी निर्माण होगा।

### हरित हिमाचल की दिशा में निर्णायक पहल

**जानकारों** का मानना है कि चीड़ वनों के जैव-विविधीकरण और चौड़ी पत्ती वाले वनों के विस्तार की यह योजना केवल वनाग्नि नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। यदि यह रणनीति सफल होती है तो हिमाचल में हरियाली बढ़ेगी, प्राकृतिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन होगा और पर्यावरणीय संतुलन को नई मजबूती मिलेगी। वन विभाग मैं उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार के सहयोग और स्थानीय समुदायों की भागीदारी से इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा सकेगा।

# स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी में हुई कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एआई रेडिनेस कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के तहत स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी में आर वर्कशॉप फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं एआई रेडिनेस सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्य संसाधन व्यक्ति रचित लांबा ने शिक्षकों को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, एल्गोरिद्मिक सोच और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रमुख सिद्धांतों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य मनीष आनंद, उपप्रधानाचार्य आशा सोफ्टा, मीनाक्षी कौल और मुख्य समन्वयक चिंतामणि देष्टा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

स्कूल के समस्त अध्यापक वर्ग ने गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की और कक्षा-आधारित उदाहरणों के माध्यम से नई तकनीकों को अपनाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानाचार्य मनीष आनंद ने बताया कि बदलते समय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए डिजिटल कौशल सीखना अनिवार्य है, जबकि उपप्रधानाचार्य आशा सोफ्टा ने रचनात्मक सोच व समस्या - समाधान क्षमता बढ़ाने में ऐसी पहल की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। मीनाक्षी कौल व प्रमुख समन्वयक चिंतामणि देष्टा ने भी कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया तथा आयोजकों और फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ने रामपुर डिपो में नई बसें न मिलने पर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर में सरकारी बसों की कमी को लेकर भाजपा ने परिवहन डिपो के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रामपुर में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कौल सिंह के नेतृत्व में बस स्टैंड पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद रहे। भाजपा नेता कौल सिंह ने कहा कि रामपुर डिपो लंबे समय से बसों की कमी से जूझ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने डिपो को एक भी नई बस नहीं दी है। कौल सिंह के अनुसार, डिपो की अधिकतर पुरानी नीली बसें कंडम घोषित कर शिमला भेजी जा चुकी हैं, लेकिन उनके स्थान पर कोई नई बस नहीं मिली है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण रूटों पर जो बसें चलाई जा रही हैं, वे भी अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं और जोखिम उठाकर सड़कों पर दौड़ाई जा रही हैं। कौल सिंह ने कहा कि ग्रामीण यात्रियों को हर सुबह यह डर सताता है कि वे शाम को अपने घर वापस जा पाएंगे या नहीं।

### पुराने रूटों पर भी हांफ रहीं बसें : कौल



**कौल** सिंह ने कहा कि पुराने रूटों पर भी बसें हांफ रही हैं, जबकि कई नए रूट बिना बसों के ही खोल दिए गए हैं। इन नए रूटों पर केवल उद्घाटन के दिन ही बसें चलीं और उसके बाद ग्रामीण अभी भी बस का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि यह धरना सांकेतिक है और यदि जल्द नई बसें उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी।

# आज हड़ताल पर रहेंगी मिड-डे मील वर्कर्स

## हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद सरकार पर 12 माह का वेतन न देने का आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मिड-डे मील वर्कर्स ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 22 जून यानी सोमवार को पूरे प्रदेश में हड़ताल करने का ऐलान किया है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) ने कहा है कि राज्यभर की कार्यकर्ता सोमवार को काम बंद रखेंगी और शिमला में सचिवालय तक मार्च निकालकर सरकार को ज्ञापन सौंपेंगी। यूनियन के राज्य प्रभारी जगत राम ने बताया कि सभी मिड डे मील वर्कर्स सुबह 11 बजे शिमला में टालैंड के पास एकत्र होंगी। इसके बाद साढ़े 11 बजे टालैंड से सचिवालय तक जुलूस निकाला जाएगा और सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

यूनियन का आरोप है कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों को लंबे समय से सरकार के सामने उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं किया गया है। यूनियन ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 17 वर्षों में मिड डे मील वर्कर्स के मानदेय में एक रुपये तक की बढ़ोतरी नहीं की गई है। उनका कहना है कि महिला सशक्तिकरण की बात करने के बावजूद मिड डे मील वर्कर्स की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

यूनियन के अनुसार प्रदेश में हजारों मिड डे मील वर्कर्स सरकारी स्कूलों में दोपहर का भोजन तैयार करने का काम कर रही हैं। उनका कहना है कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की एकल और खंडपीठ ने मिड डे मील वर्कर्स को 10 महीने के बजाय 12 महीने का वेतन देने के पक्ष में फैसला दिया था, लेकिन इस फैसले को अब तक लागू नहीं किया गया है। यूनियन ने सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी और पेंशन की सुविधा देने की भी मांग की है। साथ ही मेडिकल जांच के लिए होने वाले खर्च का भुगतान शिक्षा विभाग द्वारा किए जाने की मांग भी उठाई गई है।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज

**यूनियन** ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। यूनियन ने कहा कि तीन-तीन माह तक वेतन लंबित रहने, 25 विद्यार्थियों की शर्त के कारण नौकरी पर खतरा मंडराने, चुनाव ड्यूटी के दौरान अतिरिक्त कार्य के बावजूद मानदेय न मिलने तथा सेवानिवृत्ति पर पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाओं के अभाव को लेकर भी गहरा रोष है।

शिक्षा | राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो रहे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी

# हिमाचल में सीबीएसई पैटर्न से बदली शिक्षा की तस्वीर

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल में शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न से जोड़ने की मुहिम विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा दे रही है। जिला शिमला के 24 विद्यालयों सहित प्रदेश के 151 सरकारी स्कूल अब राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बन चुके हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन व प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल रहा है। जानकारी के अनुसार सीबीएसई पैटर्न लागू होने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है। अवधारणात्मक शिक्षा, डिजिटल कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, परियोजना आधारित अध्ययन और कौशल विकास गतिविधियां सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना रही हैं। जेईई, नीट, सीयूईटी सहित विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पहले से अधिक सहज हो रही है। लिहाजा, यह बदलाव विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास को मजबूत करेगा।

इस पहल का सबसे बड़ा लाभ दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मिल रहा है। पहले राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों को निजी विद्यालयों या बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब वही सुविधाएं सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध हो रही हैं। रोहड़ू, रामपुर, नेरवा, जुब्बल, टिक्कर, कुमारसैन, चौपाल, दत्तनगर, झाकड़ी सहित अनेक क्षेत्रों के विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से सीधे जुड़ रहे हैं।

इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ़ने का समान अवसर प्राप्त हो रहा है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी इस परिवर्तन को शिक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। रोहड़ू, रामपुर व नेरवा के विद्यार्थियों का कहना है कि सीबीएसई पैटर्न से उन्हें राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, नए विषयों के चयन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बड़ा लाभ मिला है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का मानना है कि यह पहल सरकारी स्कूलों में शिक्षा के नए युग की शुरुआत है।

### शिक्षा सुधार की यह पहल बनेगी नई पहचान

**शिक्षा** सुधार की यह पहल आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश की नई पहचान बन सकती है। सीबीएसई पैटर्न से जुड़े विद्यालय न केवल बेहतर शैक्षणिक परिणाम देंगे, बल्कि ऐसे युवाओं को तैयार करेंगे जो राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। शिक्षा के क्षेत्र में शुरू हुआ यह परिवर्तन हजारों सपनों को नई मंजिल देने की क्षमता रखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### परागपुर में कल लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर 23 जून को परागपुर स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा टांडा मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित यह शिविर सुबह 10 बजे शुरू होगा। फाउंडेशन सदस्य मनोज शर्मा ने लोगों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है।

### योग स्वस्थ शरीर, शांत मन का है आधार

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** भाजपा मंडल परागपुर के सौजन्य से राधा कृष्ण मंदिर परागपुर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षक ने योग को स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार बताते हुए इसे नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस दौरान योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, सुदेश कुमारी, रुपिंदर सिंह डैनी, सत्या सूद, बलबीर धीमान, मनोज शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बारी में नियमित योग करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एमएमयू-3 भवारना की ओर से ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से ग्रीन व्यू पैलेस बारी में योग गतिविधि का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### योग को अपनाने व नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्नू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत प्रधान सुनीता डडवाल, उपप्रधान सुमन कुमार तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रवक्ता राजेश रोशन ने उष्ण व्यायाम, आसन एवं प्राणायाम करवाए। प्रधान सुनीता डडवाल ने योग अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बलबीर डडवाल आदि उपस्थित रहे।

### योग के माध्यम से आत्मजागृति का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, गगला।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राज पिता रमित जी के आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांगड़ा ब्रांच में भी योग दिवस पर विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। रिटायर्ड कर्नल करतार सिंह ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाते हुए स्वास्थ्य लाभ और उपयोगी टिप्स दिए। ब्रांच संयोजक महात्मा दीनानाथ ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, सेवा दल, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। मिशन द्वारा योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन का माध्यम बताया गया।

### जयसिंहपुर में आयुष विभाग ने मनाया योग दिवस



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग (हिमाचल प्रदेश) के सौजन्य से बालक रूपी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनता, अधिकारी एवं आयुष विभाग के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसडीएम संजीव ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। आयुष विभाग के अनुसार क्षेत्र के लगभग 10 हजार लोगों को योग गतिविधियों से जोड़ा गया है। कार्यक्रम का संचालन आयुष जिला अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा और उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता सूद के मार्गदर्शन में किया गया।

### जिलेभर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कांगड़ा के विभिन्न स्थानों पर योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डरोह स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रातः 7 बजे से योग सत्र आयोजित हुआ, जिसमें 1000 से अधिक प्रशिक्षु जवानों ने योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। पालमपुर स्थित सीएसआर में 250 वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। गोपालपुर स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के कैलाश आश्रम में भी योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। डिग्री कॉलेज पालमपुर, साईं यूनिवर्सिटी, कमलेहड़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्लूनी, रक्कड़ और बैजनाथ सहित कई स्थानों पर योग दिवस मनाया गया। प्रशिक्षकों ने योग को तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

### योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। योग सत्र का संचालन मोनिका जी द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए गए तथा उनके लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य श्रीमती अभिलाषा कुमारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के चेयरमैन बसंत सिंह गुलेरिया ने योग को स्वस्थ शरीर और संतुलित जीवन की कुंजी बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

### योग को अपनी दिनचर्या में अपनाएं: किशोरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने प्राचीन शिव मंदिर बैजनाथ और राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला में आयोजित योग शिविरों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। विधायक ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो आज पूरे विश्व में अपनाई जा रही है। नियमित योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है तथा तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने सभी वर्गों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल में किया योगाभ्यास



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल में आयोजित एनसीसी कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 400 एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में योग के शारीरिक, मानसिक और अनुशासनात्मक लाभों पर प्रकाश डाला गया। कैडेट्स ने पूरे उत्साह के साथ योग सत्र में भाग लेते हुए लचीलापन, एकाग्रता और स्वास्थ्य सुधार का अनुभव किया। कैंप कमांडेंट कर्नल एन. निशांत ने योग को फिटनेस और मानसिक मजबूती का महत्वपूर्ण साधन बताया। स्कूल निदेशक श्री सनी महाजन और प्रधानाचार्य श्रीमती सुषमा रानी ने भी योग को जीवनशैली में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ के साथ हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की घोषणा

# शाहपुर विस के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सुबह होगा योग सत्र

◆ बोले- हर मंगलवार को होगा हनुमान चालीसा एवं गायत्री मंत्र का पाठ

अनंत ज्ञान



आईटीआई शाहपुर में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पठानिया ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन प्रात:काल योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मंगलवार को विद्यालयों में हनुमान चालीसा एवं गायत्री मंत्र का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनेक बीमारियों से भी बचाता है। उन्होंने कहा कि योग का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों ने योग एवं ध्यान के माध्यम से निरोग एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया था। आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि यह तनाव को कम करने व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वस्थ एवं सुखद जीवन के लिए प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार और समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।उन्होंने योग के प्रचार-प्रसार में योग गुरु बाबा रामदेव के योगदान को भी सराहनीय बताया। इस अवसर पर आयुष विभाग की ओर से उन्हें सहजन का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस जिला देहरा का सर्वश्रेष्ठ थाना बना डाडासीबा, संसारपुर टैरेस दूसरे स्थान पर



पुलिस थाना डाडासीबा ने किया बेहतर प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** पुलिस जिला देहरा में माह मई 2026 के कार्य प्रदर्शन के आधार पर पुलिस थाना डाडासीबा को सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित किया गया है। यह घोषणा 19 जून को पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा एवं पुलिस कल्याण बैठक के दौरान की गई। पुलिस थाना डाडासीबा ने उत्कृष्ट कार्यशैली, प्रभावी पुलिसिंग तथा जनसेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं, पुलिस थाना संसारपुर टैरेस ने द्वितीय स्थान हासिल कर पुलिस उपमंडल डाडासीबा को दोहरी उपलब्धि दिलाई है। पुलिस थाना डाडासीबा की इस सफलता के पीछे चोरी के मामलों का त्वरित अनावरण, साइबर अपराध संबंधी शिकायतों का प्रभावी निस्तारण, गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल उनके परिजनों से मिलवाने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय कार्य को प्रमुख आधार माना गया है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि का श्रेय थाना पुलिस की टीम भावना, कर्तव्यनिष्ठा और क्षेत्र की जागरूक जनता के सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि आम जनता के विश्वास और सहयोग से ही पुलिस बेहतर कानून व्यवस्था और जनसेवा सुनिश्चित कर पा रही है।

## प्रदेश शिक्षा बोर्ड के अस्तित्व और सम्मान को लेकर शिक्षक संघ ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड वर्षों से शिक्षा की गुणवत्ता और मूल्यों को बनाए रखने का कार्य कर रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उसके अस्तित्व और संरक्षण को लेकर चिंता जताई जा रही है। प्रवक्ता संघ का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता सुधार के नाम पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे राज्य बोर्ड की भूमिका प्रभावित हो रही है। हाल ही में आयोजित पात्रता परीक्षा में लगभग 90,000 शिक्षकों में से 9,821 शिक्षकों ने भाग लिया और अधिकांश ने सफलता प्राप्त की। अब नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षकों की मांग है कि पूर्व अधिसूचना के अनुसार मेरिट के आधार पर नियुक्ति दी जाए।

प्रवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य बोर्ड को भी समान रूप से संरक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि सभी बोर्ड अब एनसीईआरटी पाठ्यक्रम ही अपना रहे हैं। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि सीबीएसई विद्यालयों में शीघ्र नियुक्तियां की जाएं और शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार का भेदभाव न हो, ताकि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों प्रभावित न हों।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यकर्ताओं के साथ किया योग



पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने पौधरोपण किया कार्यकर्ताओं के संग सफाई अभियान भी चलाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धाम नाग नगूली में जयसिंहपुर भाजपा कार्यकर्ताओं संग पूर्व विधायक रविंद्र धीमान किए योगासन। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, पूर्व जिला परिषद संजीव ठाकुर उपस्थित रहे। जयसिंहपुर कमांद की बेटी पूर्वी चाड़क जो कि योगा में राष्ट्रीय स्तर पर उपविजेता रह चुकी है, योगा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पूर्व विधायक ने पूर्वी को सम्मानित किया और उसके कार्य की विशेष रूप से प्रसंशा की। इस दौरान यहां पर पौधरोपण तथा मंडल के कार्यकर्ताओं के संग मिलकर सफाई अभियान भी चलाया।

## कुड़ना पंचायत में पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से फैली दहशत

अनंत ज्ञान




**परागपुर।** विकास खंड परागपुर के तहत कुड़ना पंचायत के सरड-दाई गांव के वार्ड नंबर तीन में रविवार को पाकिस्तान के निशान वाला एक गुब्बारा मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों को जब खेत में गिरे इस गुब्बारे पर पीआईए लिखा हुआ दिखाई दिया, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पंचायत के उप प्रधान को दी। उपप्रधान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन रक्कड़ थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही रक्कड़ थाना के एसएचओ इल्मदीन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने लोगों से कहा कि वे किसी भी तरह की दहशत में न आएं और न ही डरें। बता दें कि गुब्बारे पर लिखे पीआईए का अर्थ पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस है, जो पाकिस्तान की राष्ट्रीय ध्वज वाहक विमानन कंपनी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह गुब्बारा यहां तक कैसे पहुंचा।

## योगाभ्यास, प्राणायाम एवं मेडिटेशन का करवाया अभ्यास और बताए लाभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन योग एवं फिटनेस क्लब द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य पंकज सूद रहे, जिन्होंने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका डिंपल कुशाल ने योग एवं ध्यान सत्र का संचालन करते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं मेडिटेशन का अभ्यास करवाया और उनके लाभ बताए। कार्यक्रम में शिक्षक, गैर-शिक्षक वर्ग, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन नेमराज ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. खुशी राम भगत ने प्रस्तुत किया।

## एंजल स्कूल में स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश



एंजल पब्लिक स्कूल में योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस का आयोजन।

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका कुमारी अर्चना ने किया तथा शुभारंभ प्रेरणादायक विचारों और संस्कृत श्लोक से हुआ। विद्यालय की अध्यापिका छेना शर्मा ने योग एवं संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगीत शिक्षक अंकित एवं विद्यार्थियों ने मधुर गीत प्रस्तुत किया, जबकि छात्रों की योग आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। आयुष मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक नीतिका सूद ने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लाभ बताते हुए इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नियमित योग अपनाने तथा संगीत जैसी कलाओं को जीवन में स्थान देकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया।

## ज्वालामुखी पुलिस ने 264 ग्राम चरस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी थाना पुलिस ने रविवार को 264 ग्राम चरस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, राहुल शर्मा (25), पुत्र राम कुमार शर्मा, निवासी वार्ड नं. 4, डाकघर ज्वालामुखी, के कब्जे में मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना के आधार पर पुलिस थाना ज्वालामुखी की टीम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए उक्त व्यक्ति के आवास पर तलाशी एवं छापेमारी की कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 264 ग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मादक द्रव्य एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडी एंड पीएस एक्ट) की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत थाना ज्वालामुखी में मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।जांच के दौरान बरामद मादक पदार्थ के स्रोत, आपूर्ति श्रृंखला तथा इस अवैध गतिविधि से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है।यदि जांच में अन्य व्यक्तियों की भूमिका सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस मामले की पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है।

## सिविल अस्पताल पालमपुर में स्थापित होगी एमआरआई मशीन: आशीष बुटेल



सिविल अस्पताल पालमपुर की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित।

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि सिविल अस्पताल पालमपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है तथा शीघ्र ही अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 50 बिस्तरों की क्षमता वाले मदर एंड चाइल्ड अस्पताल भवन का निर्माण भी किया जाएगा।

यह बात विधायक आशीष बुटेल सिविल अस्पताल पालमपुर की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक का आयोजन एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में किया गया। आशीष बुटेल ने कहा कि सिविल अस्पताल पालमपुर प्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल है और यहां नई स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमआरआई मशीन स्थापित करने तथा मदर एंड चाइल्ड अस्पताल भवन के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान अस्पताल में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा चिकित्सकीय एवं अन्य स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए प्रभावी प्रयास किए गए हैं और शेष रिक्त पदों को भी शीघ्र भरा जाएगा। विधायक ने कहा कि वर्तमान में अस्पताल में 26 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि जिला भर में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

## विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल मनसिम्बल में मनाया योग दिवस

# विद्यार्थियों ने नियमित योग अभ्यास का लिया संकल्प




विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल मनसिम्बल में योग करते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिम्बल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। दिन की शुरुआत सामूहिक योग सत्र से हुई, जिसमें प्रशिक्षित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने योग शपथ लेकर स्वस्थ जीवन और नियमित योग अभ्यास का संकल्प लिया।

इसके बाद इंटर-हाउस योग प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने योग के लाभों और इतिहास से संबंधित ज्ञान का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने योग के वैज्ञानिक महत्व पर अपने विचार रखे, जबकि निबंध लेखन में योग के शारीरिक और मानसिक लाभों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने योग आसनों और स्वस्थ जीवन के संदेश को रंगों के माध्यम से दर्शाया। योग क्लब के विद्यार्थियों ने आकर्षक योग शो प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न योग आकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम के समापन पर संदेश दिया गया कि योग को जीवनशैली में अपनाकर शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

## जेबीटी भर्ती में ओवरलैपिंग से सैकड़ों पद लैप्स होने का खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश जेबीटी (जूनियर बेसिक टीचर) भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों और जेबीटी यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में यूनियन अध्यक्ष जगदीश परयाल सहित डिंपल सूद, घनश्याम, रोहित, अनुराग, अमन और कई अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें दो अलग-अलग पोस्ट कोड—25004 (फरवरी 2026 भर्ती) और 26015 (जून 2026 भर्ती)—के बीच संभावित 'ओवरलैपिंग' को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि जून वाली भर्ती की दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पहले पूरी होती है, तो लगभग 60% कॉमन उम्मीदवार उसमें ज्वाइन कर सकते हैं और बाद में फरवरी वाली भर्ती का अंतिम परिणाम आने पर वे उसे छोड़ सकते हैं। इससे दोनों भर्तियों में बड़ी संख्या में पद रिक्त रह जाने और करीब 600-600 पदों के लैप्स होने की आशंका है, क्योंकि वेटिंग लिस्ट केवल सीमित 15% तक ही लागू होती है। यूनियन ने मांग की है कि दोनों भर्तियों की प्रक्रिया कालानुक्रम के अनुसार हो—पहले फरवरी 2026 भर्ती का दस्तावेज सत्यापन पूरा किया जाए, फिर जून 2026 भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़े। समाधान के लिए यूनियन ने हमीरपुर स्थित राज्य चयन आयोग से मिलने, शिमला में उच्च अधिकारियों से चर्चा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप की अपील करने की रणनीति तय की है।

## विधायक मलेंद्र ने किया योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन ने राजकीय डिग्री कॉलेज इंदौरा में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, विद्यार्थियों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों तथा स्थानीय लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर योग के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम आयुष विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गए। विधायक ने योग को भारत की प्राचीन धरोहर बताते हुए इसे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम बताया। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी की और बी.कॉम. लॉजिस्टिक्स पाठ्यक्रम शुरू होने पर सरकार का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संत निरंकारी मिशन की सुजानपुर शाखा में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें श्रद्धालुओं, सेवादल स्वयंसेवकों और स्थानीय भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। संयोजक ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। मिशन के अनुसार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों से प्रेरित होकर योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' के अनुरूप योग को संतुलित जीवन का माध्यम बताया गया।

### जंगल बेरी में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल बेरी में योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। डॉ. डोगरा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की आधारशिला है। उन्होंने नियमित योग को जीवन में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में फार्मेसी ऑफिसर सुरेंद्र भरवाइ, फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्र देवी सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### जिला कारागार में कैदियों व स्टाफ ने किया योग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कारागार में आर्ट ऑफ लिविंग की जिला इकाई द्वारा योग, ध्यान एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बंदियों के साथ जेल स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अविनाश डोगरा ने भी भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को भ्रामरी, कपालभाति एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया गया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को शांत, एकाग्र और सकारात्मक बनाता है। कार्यक्रम का समापन विश्व कल्याण के लिए शांति पाठ के साथ किया गया, जिसमें सभी ने स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण जीवन की कामना की।

### योग को हर व्यक्ति बनाए जीवन का हिस्सा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर द्वारा समीरपुर मंडल एवं महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से गगनेहड़ी स्थित शिव मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राकेश ने योग को भारतीय ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि भगवान शिव को योग का आदि प्रवर्तक माना जाता है तथा महर्षि पतंजलि ने इसे व्यवस्थित रूप दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और यह आज विश्वभर में स्वास्थ्य एवं संतुलन का माध्यम बन चुका है। इसी अवसर पर भोरंज भाजपा मंडल द्वारा जलाड़ू स्थित शिव मंदिर परिसर में भी योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कहा कि योग नियमित जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर शिक्षक भर्ती के पाठ्यक्रम में शामिल नहीं हैं बीएड कोर्स के विषय: डॉ. विक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि पोस्ट कोड-26032 के अंतर्गत होने वाली कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती की परीक्षा के लिए जो पाठ्यक्रम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर 24 अप्रैल को अपलोड किया गया था, उस पाठ्यक्रम में गलती से एक वर्षीय बीएड कोर्स के विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम भी अपलोड हो गया था। डॉ. विक्रम महाजन ने स्पष्ट किया कि कंप्यूटर शिक्षक पोस्ट कोड-26032 के पाठ्यक्रम में एक वर्षीय बीएड कोर्स के विषय शामिल नहीं हैं। उन्होंने सभी आवेदकों से इसका ध्यान रखने और सही पाठ्यक्रम के आधार पर ही परीक्षा की तैयारी करने की अपील की है।

### दियोटसिद्ध में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दियोटसिद्ध में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़सर की एसडीएम स्वाति डोगरा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग सत्र में अधिकारियों, संस्थाओं के सदस्यों और आम लोगों ने योगासन व प्राणायाम किया। एसडीएम ने 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

### योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॅरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी खरवाड़ द्वारा डुंगरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया। इसमें भोरंज उपमंडल के अधिकारियों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा एनसीसी कैंप के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

### नघूं में आरसेटी की प्रशिक्षणार्थियों ने किया योग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कोटला धिल्लियां पंचायत के नघूं गांव में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागी महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कटना, फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट, ट्रेनर नीलम राणा और स्थानीय प्रधान संजू देवी ने भी योगाभ्यास किया।

# सीएम ने जोल सप्पड़ में किया क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास

## सुक्खू बोले- सभी मेडिकल कॉलेजों में 150 करोड़ की लागत से स्थापित होंगी अत्याधुनिक लैब्स

◆ **जुलाई के पहले हफ्ते में जोल सप्पड़ में शुरू होगा मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों का संचालन**



क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को हमीरपुर जिले के जोल सप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर के नए परिसर में लगभग 35 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया।

इसके बाद उन्होंने इसी परिसर में नवनिर्मित अस्पताल ब्लॉक और अकादमिक ब्लॉक तथा अन्य निर्माणाधीन भवनों के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी और मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को अस्पताल ब्लॉक और अकादमिक ब्लॉक को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को सौंपने तथा कॉलेज एवं अस्पताल के विभिन्न विभागों को जोल सप्पड़ शिफ्ट करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में मेडिकल कॉलेज के इन महत्वपूर्ण विभागों का संचालन जोल सप्पड़ में शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की लैब्स के आधुनिकीकरण के लिए प्रदेश सरकार 150 करोड़ रुपए का प्रावधान कर रही है। इस धनराशि से लैब्स में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला और टांडा के मेडिकल कॉलेज में दशकों पुरानी मशीनों एवं उपकरणों के स्थान पर इनकी जगह नवीनतम टेक्नोलॉजी की मशीनें एवं उपकरण स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर डॉक्टरों, प्रोफेसरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। इससे सभी मेडिकल कॉलेजों एवं चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होगा और लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती, सीपीडब्ल्यूडी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन नए परिसर में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों की वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। वहीं, सर्किट हाउस में लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, ओबीसी वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, ओबीसी आयोग के सदस्य राजीव राणा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ आदि मौजूद रहे

## युवा खिलाड़ियों से किया संवाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिले के अणु स्थित साई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रशिक्षुओं एवं युवा खिलाड़ियों तथा अन्य बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। इस क्रम में नादौन में लगभग 125 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिसे इसी वर्ष प्रदेश के खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया जाएगा। इसमें तैराकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और टेनिस सहित 14 खेलों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह एवं योगाभ्यास सत्र में भाग लेने के बाद खिलाड़ियों के साथ संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए करोड़ों रुपए की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया है। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं के लिए 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं के लिए डेढ़ करोड़ रुपए तक के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। इसी प्रकार ओलंपिक और अन्य इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भी सराहनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी करोड़ों रुपए के इनाम दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन वर्ष पहले प्रदेश सरकार ने कार्यभार संभालते ही खिलाड़ियों की डाइट मनी में कई गुणा वृद्धि की थी।

## नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए आज होगी बैठक

# विधायक सुरेश और राज्य विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप को सौंपी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में सोमवार होने वाली बैठक के लिए कोरम पूरा होगा या नहीं इस पर संशय बरकरार है, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को निर्देश दिए हैं कि सुजानपुर में नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कड़े दम होना चाहिए। इसके लिए विधायक सुरेश कुमार और राज्य विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को जिम्मेदारी सौंपी है।

कोरम के लिए कुल 9 पार्षदों में से 7 पार्षदों की उपस्थिति होना आवश्यक है। लेकिन आंकड़े देखें तो कांग्रेस के समर्थक पार्षदों की कुल संख्या 5 है, जबकि 4 भाजपा समर्थक पार्षद माने जा रहे हैं। बैठक के कोरम के लिए सात पार्षदों की उपस्थिति जरूरी है। सूत्रों की माने ने तो भाजपा के पार्षद इस बैठक का बहिष्कार कर सकते हैं, ताकि भाजपा को जोड़-तोड़ करने के लिए और समय मिल सकता है। उधर, नगर परिषद सुजानपुर को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिलने में और देरी हो सकती है। नगर परिषद चुनाव में आंकड़े दोनों पार्टियों के पक्ष में नहीं रहे थे। तथा दोनों पार्टियां समर्थन जुटाने के लिए लंबे समय से प्रयास कर रही थीं। इसके बाद कांग्रेस को समर्थन जुटाने में सफलता हाथ लगी। जब दो निर्दलीय पार्षद मुख्यमंत्री से शिमला में मिले। इसके बाद सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के साथ पांच पार्षदों की एक बैठक हुई तथा कांग्रेस का ही नया अध्यक्ष चुने जाने के लिए सहमति बनाई गई, लेकिन अभी तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कौन होगा इसके नाम पार्टी द्वारा जाहिर नहीं किए गए हैं। राजेंद्र वर्मा के अनुसार यह फैसला विधायक रणजीत सिंह के ऊपर छोड़ गया है। नगर परिषद सुजानपुर में पार्षदों को 4 जून को शपथ दिलाई गई थी, उसके बाद नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने के लिए बैठक बुलाई गई। लेकिन अधिकारी पार्षदों का इंतजार ही करते रहे तथा कोई भी पार्षद बैठक में नहीं पहुंचा। नगर परिषद सुजानपुर में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। भाजपा के तीन, कांग्रेस के दो तथा चार निर्दलीय जीते थे। आपसी मनमुटाव के चलते पार्षद एक दूसरे को समर्थन देने में हिचकिचा रहे थे। उसके बाद अचानक घटनाक्रम बदले। दो निर्दलीय पार्षद शिमला में मुख्यमंत्री से मिले। उसके बाद दोनों निर्दलीय पार्षद तथा अन्य तीन पार्षद सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के साथ बैठक में शामिल हुए।

ब्लॉक कांग्रेस सुजानपुर अध्यक्ष के राजेंद्र वर्मा ने कहा कि नगर परिषद पर कांग्रेस का कब्जा होगा। सभी पांच पार्षदों ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के ऊपर नामों का फैसला छोड़ा है। कांग्रेस की विजय तय है। भाजपा शहरी इकाई सुजानपुर के अध्यक्ष प्रकाश सड़याल ने बताया कि उचित समय पर बैठक में जाने या न जाने बारे तय किया जाएगा। नगर परिषद सुजानपुर के ईओ हर्षित शर्मा ने कहा कि अगर आज कोरम नहीं पूरा होता है तो अगली बार के लिए बैठक के लिए कोरम की कोई बाध्यता नहीं होगी।

### बिझड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 13 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाल विकास परियोजना बिझड़ी के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 13 पदों को भरा जाएगा। इसके लिए पात्र महिलाओं से 8 जुलाई तक सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

भकरेड़ी-1, बड़सर-3 और टिक्कर राजपूतां में कार्यकर्ता के पद तथा गुजरेड़ा, बटारली, कन्नड़, ठाणा, बल्ह विहाल, पैहरवीं, खनसरा, कन्नड़ अप्पर, धबीरी-1 और जमली-1 में सहायिका के पद भरे जाएंगे। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, संबंधित क्षेत्र की स्थायी निवासी तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया 25 अंकों के आधार पर होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आरक्षण, सामाजिक श्रेणी और साक्षात्कार शामिल हैं। साक्षात्कार 15 जुलाई को सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी में आयोजित किया जाएगा।

### पवन कालिया ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन लाभ देने के निर्णय पर मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर बड़सर।** न्यास बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन लाभ उपलब्ध करवाने की दिशा में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 7,92,90,527 रुपए की राशि कर्मचारी कल्याण निधि योजना में हस्तांतरित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए पवन कालिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। पवन कालिया ने कहा कि लंबे समय से न्यास बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के सेवानिवृत्त कर्मचारी यह मांग कर रहे थे कि उन्हें भी अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारियों की भांति पेंशन सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण विषय को पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सुभाष ढटवालिया ने प्रमुखता से मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाया था और उन्हें प्रसन्नता है कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों की इस न्यायोचित मांग को स्वीकार करते हुए पेंशन लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय कर्मचारियों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा तथा उनके वर्षों के समर्पित योगदान के प्रति संवेदनशील सोच का परिचायक है। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक संबल मिलेगा तथा उनके भविष्य को अधिक सुरक्षित बनाने में सहायता मिलेगी।

# योग तनावमुक्त जीवन का साधन, स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व निर्माण का प्रभावी माध्यम: अनुराग

अनंत ज्ञान




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुंबई के नाना चौक स्थित सेवा सदन में योगाभ्यास किया तथा आधुनिक जीवन में योग की उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि योग तनावमुक्त जीवन का साधन है तथा एक स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण की दिशा में सार्थक माध्यम है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रही। सेवा सदन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में एसआरएमडी वेलनेस की ग्लोबल हेड आत्मार्पित डॉ. मानसीजी के मार्गदर्शन में योग, ध्यान एवं साउंड हीलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अनुराग सिंह ठाकुर एवं महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा भी उपस्थित रहे। योगाभ्यास के साथ आयोजित ध्यान एवं ध्वनि चिकित्सा के अनुभव ने प्रतिभागियों को आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का विशेष अनुभव कराया। अनुराग ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक स्पष्टता, आध्यात्मिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता का समग्र माध्यम है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ और बढ़ते तनाव के बीच योग एक स्वस्थ, सशक्त और एकाग्र समाज के निर्माण का प्रभावी साधन बनकर उभरा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग का एक प्राचीन भारतीय परंपरा से विश्वव्यापी जन-आंदोलन के रूप में विकसित होना भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और उसकी प्रभावशाली सॉफ्ट पावर का सशक्त उदाहरण है। भारत ने अपनी इस अमूल्य विरासत को पूरी दुनिया के साथ साझा कर शांति, स्वास्थ्य और वैश्विक एकता का संदेश दिया है, जिससे विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच संवाद, सहयोग और सौहार्द को नई दिशा मिली है।

# स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है योग



एनआईटी हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में फैकल्टी, स्टाफ, छात्रों तथा स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।

इस वर्ष की वैश्विक थीम 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' के अनुरूप आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जीवनभर योग अपनाकर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें संस्थान के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी मुख्य अतिथि रहे। रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नंतोट्टी और श्रीमती अनीता सूर्यवंशी भी उपस्थित रहीं। स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में 'योग संगम' नामक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम में एसबीआई (एनआईटी हमीरपुर शाखा) के कर्मचारी और स्थानीय लोग भी शामिल हुए। अंत में योग फैकल्टी इंचार्ज डॉ. भारती कौल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। आयोजन का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है।

### योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर द हंस फाउंडेशन की टीम की ओर से सादवान में बच्चों एवं महिलाओं के साथ सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्वयक अंकित राणा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा शर्मा, एसपीओ स्नेहलता, फार्मासिस्ट अभिनंदन शर्मा, लैब तकनीशियन नागन देवी एवं पायलट रजनीश ठाकुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ एवं सक्रिय रहता है, मानसिक तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# भाजपा ने बरोहा किसान भें परिसर की सफाई की, पौधरोपण भी किया

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर रविवार को भाजपा मंडल ग्रामीण हमीरपुर ने ग्राम केंद्र डूग्घा पर स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, प्रबुद्धजन संपर्क अभियान और प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया। इसमें विधानसभा सह प्रभारी प्रियव्रत शर्मा, विधायक सदर आशीष शर्मा और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विधायक आशीष ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे ग्राम केंद्र डूग्घा के वासियों को जागरूक किया। वहीं प्रियव्रत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के दौरान किसान भवन बरोहा के आसपास सफाई की। वहीं परिसर में पौधरोपण भी किया। बरोहा के प्रबुद्धजनों के साथ संपर्क कर मोदी सरकार के कार्यकाल बारे, नीतियों बारे एवं योजनाओं बारे संवाद किया। इसके साथ की प्रगति पथ यात्रा के तहत शिमला मटौर हाईवे पर जाकर केंद्र सरकार का इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह, महामंत्री अश्वनी शर्मा, प्रमोद पटियाल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पृथ्वी राज, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलवीर, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवंत, प्यारे लाल शर्मा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष कृष्ण कुटलेहड़िया, बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खेलकूद** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर लेवल बैडमिंटन, बास्केटबाल स्पर्धा का आयोजन

# अंडर-19 वर्ग में डीएवी भड़ोली के आर्यन विजेता

अनंत ज्ञान



प्रधानाचार्य सुरजीत की अध्यक्षता में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन।

**नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में 20 जून को एक दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर लेवल बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं रोप स्किपिंग (बालक एवं बालिका वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में किया गया।

प्रतियोगिता में डीएवी कांगू, हमीरपुर, देहरा, नरवाणा, धर्मशाला, लड्भड़ोल, पालमपुर, बाघनी एवं भड़ोली के खिलाड़ियों ने अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों में भाग लिया।

मुख्य अतिथि अजय सिंह मंडियाल (नायब तहसीलदार, ज्वालामुखी एवं टेंपल ऑफिसर) तथा विशिष्ट अतिथि अरविंद सेठी, सुरेश रोनात, डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर, सुशील ठाकुर (नेशनल बैडमिंटन अंपायर) तथा सरगम ठाकुर (नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी एवं असिस्टेंट अंपायर) के अलावा महेंद्र सिंह ठाकुर बतौर ऑब्जर्वर उपस्थित रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली ने डीएवी धर्मशाला को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि धर्मशाला उपविजेता रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी देहरा उपविजेता रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी बाघनी उपविजेता रहा। व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में अंडर-14 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली के सानिध्य कपूर विजेता तथा डीएवी कांगू के अभय उपविजेता रहे। अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी देहरा के दिव्यम राजपूत विजेता तथा डीएवी भड़ोली के सार्थक उपविजेता रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में डीएवी कांगू की राधिका विजेता तथा डीएवी हमीरपुर की श्रेया उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली के आर्यन विजेता तथा डीएवी कांगू के अगस्त्य कटोच उपविजेता रहे। बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी हमीरपुर उपविजेता रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी धर्मशाला उपविजेता रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी हमीरपुर उपविजेता रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता तथा डीएवी देहरा उपविजेता रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग में डीएवी हमीरपुर विजेता तथा डीएवी भड़ोली उपविजेता रहा।

### रोप स्किपिंग स्पर्धा में स्तुति प्रथम

रोप स्किपिंग प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल वर्ग में डीएवी भड़ोली की स्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्पीड एंड्योरेंस वर्ग में डीएवी नरवाणा की कनिष्का प्रथम, डीएवी लड्भड़ोल की मुस्कान द्वितीय तथा डीएवी भड़ोली की सायना तृतीय स्थान पर रहीं। स्पीड हॉप वर्ग में डीएवी नरवाणा की तन्वी प्रथम, डीएवी भड़ोली की दीपांशी द्वितीय तथा डीएवी लड्भड़ोल की कृतिका राज तृतीय स्थान पर रहीं। रस्सिंग स्प्रिंट प्रतियोगिता में डीएवी भड़ोली की ज्ञानवी जसवाल प्रथम तथा डीएवी नरवाणा की अन्वी शांडिल द्वितीय स्थान पर रहीं।

# नादौन क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने चार बकरियों को मार डाला

अनंत ज्ञान



**नादौन।** नादौन क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

वार्ड नंबर 7, बाघ नाला के पास शनिवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने चार बकरियों पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया, लेकिन तब तक चारों बकरियां बुरी तरह घायल होकर दम तोड़ चुकी थीं। पीड़िता सुनीता कुमारी ने बताया कि उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है और उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की है। वहीं, नगर परिषद के पूर्व सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि उनके घर में बंधे भैंस के बच्चे पर भी आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। उसका उपचार पशुपालन विभाग से जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग की है। नगर परिषद नादौन के ईओ रमन शर्मा ने बताया कि बकरियों की मालकिन ने शिकायत की है उन्हें सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके। एसडीएम निशांत शर्मा का कहना है कि इस संदर्भ में संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद नादौन को आवारा कुत्तों के लिए डॉग सैल्टर हाउस बनाए जाने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं ताकि इन स्ट्रीट डॉग्स को वहां शिफ्ट किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी प्रणवानंद के साथ मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रणव आश्रम विकास सभा, धांगू (जिला मंडी) में श्रद्धामूर्ति स्वामी प्रणवानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में योग एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं योग साधकों ने भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। स्वामी प्रणवानंद जी महाराज ने अपने प्रेरणादायी सत्संग के दौरान योग एवं अध्यात्म की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और चेतना को संतुलित करने वाली एक वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि नियमित योग एवं प्राणायाम से शरीर में ऊर्जा का प्रवाह संतुलित होता है, तनाव एवं मानसिक विकार कम होते हैं तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। सत्संग के माध्यम से उन्होंने सकारात्मक विचार, आत्मानुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए सभी को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

### आत्मा से परमात्मा का मिलन ही सच्चा योग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुंदरनगर के भौंण स्थित शीतला माता मंदिर में आयोजित आध्यात्मिक साधना शिविर में अखिल भारतीय संतमत सत्संग के संरक्षक परम संत महात्मा डा. सुरेश महाराज ने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही योग का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम या मानसिक संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सर्वोच्च उद्देश्य आत्मिक जागृति और ईश्वर से एकत्व की प्राप्ति है। महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में योग को मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में अपनाया जा रहा है, लेकिन संतों और सत्गुरुओं द्वारा बताई गई आध्यात्मिक साधनाओं में ध्यान एवं एकाग्रता पर आधारित आनंद योग सबसे सूक्ष्म, सरल और उच्चतम साधना पद्धति है। उन्होंने बताया कि इस दिव्य योग पद्धति की स्थापना महर्षि अष्टावक्र जी महाराज ने की थी, जिसके माध्यम से साधक आत्म-साक्षात्कार की दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय संतमत सत्संग के माध्यम से देश-विदेश में लाखों साधक इस सहज ध्यान एवं एकाग्रता पद्धति को अपनाकर अपने जीवन में शांति, संतुलन और आनंद का अनुभव कर रहे हैं।

### लदरौर-ऐम्स बस वाया चोलथरा चलाने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व सरकाघाट से पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने हाल ही में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा लदरौर से एम्स, बिलासपुर के लिए सीधी बस चलाने के लिए धन्यवाद किया है। साथ ही उन्होंने पिछली मांगों को संलग्नित कर, इस बस को सुबह 6 बजे चोलथरा से चलाने की मांग की है। गौरतलब है, इस क्षेत्र से एम्स, बिलासपुर के लिए सुबह सुबह कोई भी सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं हैं, जिसकी वजह से जनता को, उसी दिन, एम्स, बिलासपुर से अपना चेकअप इत्यादि करवाने के बाद, घर पहुंचने के लिए सीधी बस नहीं मिलती और उन्हें टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने स्थानीय विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर, भोरंज विधायक सुरेश कुमार व लोक सभा सांसद अनुराग तथा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से इस समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया है तथा महिलाओं के फ्री बस कार्ड को उन बसों में भी, हिमाचल की सीमा तक स्वीकृत करने का आग्रह किया है, जो बसें हिमाचल से बाहर भी जाती हैं।

### खियालसर के पास खाई में गिरी कार, दो घायल

**अनंत ज्ञान, खियालसर।** कलखर मार्ग स्थित चहड़ी गांव के पास रविवार प्रातः एक टैक्सी मारुती कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक हेमराज गांव चैहड़ पत्नी तहसील पधर जिला मंडी और उसमें सफर कर रही सवारी बीरबल सरकाघाट को गहरी चोटें आई हैं। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार टैक्सी चालक मनाली से कार नंबर एच पी 01 के 6790 के माध्यम से एक सवारी लेकर सरकाघाट के लिए निकला था। रविवार प्रातः 4:30 बजे के करीब जैसे ही कार चालक चहड़ी गांव के पास पहुंचा तो अचानक से वह कार से नियंत्रण खो बैठा और पलक झपकते ही कार गहरी खाई में लुढ़क गई। हादसे के तुरंत बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस 108 की सहायता से इलाज के लिए नागरिक अस्पताल खियालसर ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें आगे के इलाज के लिए घर भेज दिया गया। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया की स्थानीय पुलिस हादसे के कारणों को लेकर जांच कर रही है।

### पॉकेट मनी से खरीदी टी-शर्ट, पिता को दी उपहार

**अनंत ज्ञान, भौर।** फादर्स डे के अवसर पर बच्चों ने अपने पिता के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। अमोलिका और रुद्र ने अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए पैसों से अपने पिता के लिए टी-शर्ट खरीदी और उन्हें मिठाई खिलाकर फादर्स डे मनाया।




दोनों बच्चों ने बताया कि उन्होंने काफी समय से अपनी पॉकेट मनी में से बचत की थी ताकि इस विशेष दिन पर अपने पिता को कोई यादगार उपहार दे सकें। उन्होंने कहा कि फादर्स डे एक ऐसा अवसर है जब बच्चे अपने पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रेम को खुलकर रूप से व्यक्त कर सकते हैं। बच्चों के इस स्नेहपूर्ण प्रयास ने परिवार के सभी सदस्यों को भावुक कर दिया। अमोलिका और रुद्र का कहना है कि उनके पिता हर समय उनका मार्गदर्शन और सहयोग करते हैं, इसलिए वे इस दिन को खास बनाना चाहते थे। बच्चों के इस भाव ने यह साबित कर दिया कि सच्चा उपहार उसकी कीमत में नहीं, बल्कि उसमें छिपे प्रेम और सम्मान में होता है।

### आधार कार्ड सीड न होना केवाईसी के लिए बना समस्या

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वर्तमान में गैस सिलेंडर लेने के लिए डेस्ड नम्बर के साथ साथ, गैस उपभोक्ता की ईकेवाईसी भी अनिवार्य है। तथा आधार सीडिंग के लिए उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी का रुख करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को ऑनलाइन शिकायत व सुझाव भेज कर मांग की है, कि वो आधार कार्ड सीडिंग की सुविधा, आईओसीएल की ऐप और लोक मित्र केंद्रों पर उपलब्ध करवाएं, जिससे दिव्यांगों, बजुर्गों तथा सामान्य उपभोक्ताओं को, इस काम लिए गैस एजेंसी का रुख न करना पड़ा। चंदपुर निवासी, 90 वर्षीय पार्वती के परिजनों ने बताया कि वो उन्हें, उनकी आधार कार्ड सीड करवाने के लिए, निजी गाड़ी से, गैस एजेंसी गए थे, लेकिन उस दिन सर्वर डाउन होने की वजह से, न ही तो उनका आधार कार्ड सीड हुआ न ही ईकेवाईसी। गैस उपभोक्ता में रणजीत सिंह, गीता देवी, कांता देवी, रकेश कुमार, लता देवी, संतोषी देवी इत्यादि ने, सामूहिक हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से, उपरोक्त मांग का समर्थन किया है, जिससे वो घर में ही, आधार कार्ड सीडिंग और ईकेवाईसी सुविधा प्राप्त कर सकें।

### कथावाचक प्रमोद पुंज ने सुनाई श्रीमद्भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के गांव बसंतपुर में ठाकुर परिवार के निवास स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया जा रहा है। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रमोद पुंज अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रसंगों एवं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं। कथा का आयोजन कविता ठाकुर एवं ओम चंद ठाकुर द्वारा करवाया जा रहा है। प्रतिदिन भजन-कीर्तन, प्रवचन और प्रसाद वितरण से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों की गहरी आस्था को दर्शा रही है।

# योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा : एडीसी

## मंडी के सेरी मंच पर हुआ विश्व योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को ऐतिहासिक सेरी मंच मंडी में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। योग से बच्चों में अनुशासन और एकाग्रता बढ़ती है, युवाओं में आत्मविश्वास का विकास होता है तथा कामकाजी लोगों में तनाव को कम करने में भी यह सहायक है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी योग स्वस्थ और सक्रिय जीवन का आधार बन सकता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

योग सत्र की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई। डॉ. प्रिया ने खड़े होकर किए जाने वाले विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया, जबकि फार्मासिस्ट अशोक कुमार ने बैठकर किए जाने वाले योगासनों की जानकारी दी और उनका अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन, वक्रासन और भद्रासन सहित कई योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही प्राणायाम और शांति पाठ भी कराया गया। नवोत्थान सेवाधाम एनजीओ के राजकमल, आर्ट ऑफ लिविंग की माया वर्धन तथा योग गाइड रेखा और सोनी ने योगासनों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को योग के प्रति प्रेरित किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मंडी सदर अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, नगर निगम पार्षद सुमन, जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा, आयुष विभाग के चिकित्सक, जिले के गणमान्य नागरिक, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी, आईटीआई के प्रशिक्षक एवं विद्यार्थी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में भाग लिया।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर कमांद में किया योग

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर कमांद में डॉ मीनाक्षी के निर्देशन में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से फार्मेसी ऑफिसर चेतराम पराशर, योग गाइड अरुणा शर्मा व धर्मेंद्र ने भाग लिया। योग गाइड ने आए हुए स्थानीय लोगों को योगा प्रोटोकॉल के तहत योग की क्रियाएं कार्रवाई। वह योग के महत्व के बारे में बताया तथा लोगों से आग्रह किया कि योग को भी अपने जीवन कार्य का अनिवार्य हिस्सा बनाएं ताकि हम स्वस्थ रह सके। स्वस्थ शरीर ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है इसलिए हमें स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहना होगा। इस अवसर पर समाजसेवी डिमेश्वर, लीलाधर नेत्र सिंह, गिरधारी लाल प्रकाश चंद तथा अन्य लगभग 40 स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### बीएसएल स्कूल के मैदान में किया योगाभ्यास



**अनंत ज्ञान, महादेव।** आयुष विभाग सुंदर नगर व सीआईएसएफ यूनिट सुंदरनगर कॉलोनी के द्वारा 12वां योग दिवस बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कॉलोनी में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। आयोजन में विशेष रूप से उप-मंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम राणा व सी आईएसएफ यूनिट कमांडेंट ने भाग लिया। आयुष उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत कार्य कर रहे लगभग 25 योग प्रशिक्षकों ने इसमें भाग लिया। डॉ. मीना ठाकुर ने मंच का संचालन एवं योगासन हेतु दिशा-निर्देश दिए। वहीं, मंच पर आशा देवी, राजेंद्र कुमार व सुनीता ठाकुर ने योगासनों का प्रदर्शन किया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसएल परियोजना में किए विभिन्न योगासन

# कार्यस्थल पर एकाग्रता बढ़ाता है योग : बिजेंद्र

अनंत ज्ञान



**जंगमबाग।** भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी), बीएसएल परियोजना सुंदरनगर के मल्टीपर्पज हॉल, बीबीएमबी कॉलोनी में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर आज सामूहिक योग सत्र का भव्य और गरिमामयी आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय योग प्रेमियों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में बिजेंद्र सिंह नारा, मुख्य अभियंता सह सदस्य सिंचाई (भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड) उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में योग को मात्र एक शारीरिक व्यायाम न मानकर, शरीर, मन और आत्मा के समन्वय वाली एक समग्र जीवन शैली बताया। योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यातिथि नारा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी कॉर्पोरेट और तकनीकी जिंदगी में योग केवल शारीरिक तंदुरुस्ती नहीं, बल्कि मानसिक शांति का सबसे बड़ा साधन है। यह चिंता और अवसाद को दूर कर मस्तिष्क को स्थिरता प्रदान करता है। कर्मचारियों के लिए नियमित योगाभ्यास कार्यस्थल पर एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता और कार्यकुशलता को बढ़ाता है, जिससे पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में एक बेहतरीन संतुलन स्थापित होता है। नारा ने कहा कि स्क्रीन पर लगातार काम करने और गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के इस दौर में, योग और ध्यान हमारी आंखों, रीढ़ की हड्डी और तंत्रिका तंत्र को रीचार्ज करने का सबसे प्रभावी तरीका है। नारा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से रक्तचाप नियंत्रित रहता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आंतरिक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के तहत प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, और विभिन्न महत्वपूर्ण योगासनों (जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन आदि) के साथ-साथ गहन ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक तथा अन्य योग शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में यह सत्र अत्यंत अनुशासित, प्रेरणादायक और प्रभावी रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से योग को मिली वैश्विक पहचान : दलीप ठाकुर

अनंत ज्ञान



◆ आज पूरी दुनिया अपना रही भारत की प्राचीन जीवन पद्धति

**सरकाघाट।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा विधायक दलीप ठाकुर ने योग कार्यक्रम के दौरान प्रदेश एवं सरकाघाट क्षेत्र के समस्त नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ।

दलीप ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया, जिसे विश्व समुदाय का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। आज 21 जून को विश्व के अनेक देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, जो भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, योग विज्ञान और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक शक्ति, मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। दलीप ठाकुर ने कहा कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। योग व्यक्ति को रोगों से बचाने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और जीवन में अनुशासन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और सभी नागरिकों से आग्रह किया कि योग को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। अंत में दलीप ठाकुर ने सभी प्रदेशवासियों और सरकाघाट क्षेत्र के नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

## संकरे और घुमावदार भौर डडौर फोरलेन पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, भौर।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन और बाहरी राज्यों के इसी प्रकार के हाइवे की तुलना की जाए तो देखकर यही कहा जा सकता है कि हिमाचल में बने इस संकरे एवं बड़े घुमावदार फोरलेन एवं इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने का सिलसिला अब लंबा हो चला है। फोरलेन निर्माण के पैमाने पर यह कार्य कितना खरा उतरता है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।तकनीकी खामियां हो गई या जानबूझकर छोड़ दी गई यह सवाल उठाने में नाम न छापने की शर्त पर स्थानीय कुछ लोगों ने बताया कि अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए एमएलए समेत केंद्र के एक मंत्री-सांसद आदि ने फोरलेन को सीधे रुख में न ले जाकर उन अपनों की जमीन पर से निकालने के लिए बेतरतीब ढंग से अत्यधिक मोड़ दे दिया गया। फोरलेन का एक बड़ा भाग फूहड़ कार्य बनकर इसलिए भी रह गया है, क्योंकि जहां इसके यू टर्न अत्यधिक संकरे हैं, जो हमेशा मुड़ते वाहनों के लिए खतरे की घंटी बजाते रहते हैं, वहीं आधे अधूरे सर्विस रोड अवैध रूप से रखे विभिन्न साजो सामान की गिरफ्त में हैं और जो बने हैं कहीं ढहे पड़े हैं तो कहीं पानी की सही निकासी न होने के कारण गंदे पानी से लबालब भरे पड़े हैं जिससे प्रदूषण फैलता ही जा रहा है, जिससे भयंकर बीमारी फैलने की आशंका हरदम बनी हुई है। कीरतपुर-मनाली फोरलेन निर्माण को लेकर केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सवालों के घेरे में है, जिसने फोरलेन को समुचित तरीके से सुधारने की मांग की अनदेखी की है।

# 5.67 करोड़ रुपए से होगा धारली सेरिकोठी सड़क का कायाकल्प

## पूर्व सीपीएस सोहन लाल ने भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत धारली से सेरिकोठी सड़क के सुधार एवं टायरिंग कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना पर लगभग 5 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि धारली से सेरिकोठी सड़क के सुधार और टायरिंग से क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी तथा आवागमन सुगम और सुरक्षित बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

उन्होंने इस सड़क परियोजना की स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सड़क का कार्य धारली से सेरिकोठी तक लगभग 5 किलोमीटर तक किया जाएगा। इसमें सड़क की टारिंग (ब्लैक टॉप), रिटेनिंग वॉल, ब्रेस्ट वॉल, सीसी पेवमेंट, वी-शेप ड्रेन, क्रैश बैरियर, कल्वर्ट निर्माण तथा अन्य सुरक्षा एवं संरक्षण कार्य शामिल हैं। परियोजना के तहत कुल 605 लाख की स्वीकृत राशि में से निर्माण कार्य पर 566 लाख तथा रखरखाव में 39 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सलापड मोहित ठाकुर, बीडीसी सदस्य मुकेश शर्मा और सड़क निर्माण कंपनी मैसर्ज आरपीडी सिविल सॉल्यूशन प्राईवेट मिमिटिड के मालिक धीमान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टमाटर और धान रोपाई में जुटे बल्ह घाटी के किसान

**अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर।** मिनी पंजाब के नाम से प्रसिद्ध बल्ह घाटी में इन दिनों किसान खेती-बाड़ी के कार्यों में पूरी तरह व्यस्त हैं। क्षेत्र में टमाटर की नकदी फसल की तुड़ाई, मक्की की गुड़ाई और धान की रोपाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। सुबह होते ही किसान खेतों में पहुंचकर टमाटर तोड़ने और



अन्य कृषि कार्यों में जुट जाते हैं। गांव कनैड के समीप डुगराई क्षेत्र के किसान हेमराज ने बताया कि हाल के दिनों में कई किसानों के खेतों से टमाटर चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। रात के समय चोर खेतों में घुसकर टमाटर चुरा रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। फसल बचाने के लिए किसानों को रात भर खेतों की निगरानी करनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर कई किसान धान की रोपाई में व्यस्त हैं। खेतों में पानी भरकर धान लगाया जा रहा है, जबकि मक्की की फसल की गुड़ाई का कार्य भी जारी है। तेज धूप के बावजूद किसान दिनभर खेतों में मेहनत कर रहे हैं। किसान हरवेल सिंह ने बताया कि उनकी सुबह और शाम खेतों में ही बीतती है। किसानों की कड़ी मेहनत देखकर अन्न उत्पादन और संरक्षण के कठिन परिश्रम का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# नबाही में बिजली के कटों से जनता त्रस्त

## दिन और रात में कई बार गुल हो रही बिजली, प्रदर्शन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के नबाही क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि दिन में चार से पांच बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जबकि रात के समय भी लंबे-लंबे कट लग रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली कटौती का सबसे अधिक असर दुकानदारों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। फ्रिज और डीप फ्रीजर बंद रहने से दूध, दही, आइसक्रीम तथा अन्य खाद्य सामग्री खराब हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बढ़ते तापमान के कारण घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के निवासियों राजकुमार, धनीराम, बालम, शीला, अमृत, पवन कुमार और ज्ञान चंद सहित अन्य लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग नियमित और सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहा है। उनका कहना है कि पूरी-पूरी रात बिजली कट लग रहे हैं, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।उधर, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कहना है कि मुख्य लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है तथा समस्या के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने विभाग से शीघ्र व्यवस्था में सुधार कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### क्या कहते हैं बिजली विभाग के जेई?

**विद्युत** उपमंडल के जेई रमेश चंद ने बताया कि 132 केवी जाहू लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है तथा इसे शीघ्र दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यवस्था को सामान्य कर दिया जाएगा।

# हारने के बावजूद जनसमस्याएं उठा रहे सपना, रजिता व विजय



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला परिषद चुनावों में वार्ड सरी, टिहरा और नबाही से चुनाव लड़ने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की संयुक्त बैठक टिहरा रेस्ट हाउस में पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सरी वार्ड की प्रत्याशी सपना देवी, टिहरा की रजिता कुमारी और नबाही के विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सपना देवी ने नशा मुक्ति, महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार, प्राकृतिक खेती और एनएच प्रभावितों के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की बात कही। रजिता कुमारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और नशे की रोकथाम को प्राथमिकता बताया, जबकि विजय कुमार ने श्रमिकों, मनरेगा कर्मियों और जरूरतमंद वर्गों की सहायता जारी रखने का संकल्प दोहराया। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव हारने के बावजूद जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करने की प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गैर भाजपा-गैर कांग्रेस विकल्प को और मजबूत किया जाएगा।

## माता मुरारी देवी सेवा समिति के चुनाव 5 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** श्री माता मुरारी देवी सेवा समिति रजि. मुरारीधार ने समिति के त्रैवार्षिक चुनावों की तिथि घोषित कर दी है। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 5 जुलाई दिन रविवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी आजीवन सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। समिति के प्रधान बुज लाल, कोषाध्यक्ष श्याम लाल तथा महासचिव ख्याली राम द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि चुनाव के दिन सभी आजीवन सदस्यों को नए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) भी वितरित किए जाएंगे। बिना पहचान पत्र के किसी भी सदस्य को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। समिति ने स्पष्ट किया है कि आजीवन सदस्यों के लिए वर्ष में आयोजित होने वाले चुनाव, जागरण, नवरात्र और मेले जैसे धार्मिक आयोजनों में कम से कम तीन बार अपनी उपस्थिति मंदिर रजिस्टर में दर्ज करवाना आवश्यक होगा। ऐसे सदस्यों की चुनाव में भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

# तत्काल प्रभाव से रद्द हो मान सिंह का तबादला : नरेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक-परिचालक संघ के प्रधान मान सिंह ठाकुर के तबादले पर को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि मान सिंह ठाकुर लंबे समय से परिवहन निगम कर्मचारियों की लंबित देनदारियों, ओवरटाइम भुगतान, पदोन्नति, भर्तियों तथा अन्य कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते रहे हैं। कर्मचारियों की आवाज उठाना किसी भी कर्मचारी प्रतिनिधि का अधिकार है और ऐसे कर्मचारी नेता का तबादला करना उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के कर्मचारियों की विभिन्न देनदारियां लंबे समय से लंबित हैं, जिसके कारण कर्मचारियों में व्यापक असंतोष है। ऐसे समय में कर्मचारी हितों की पैरवी करने वाले प्रतिनिधियों का तबादला करने के बजाय उनकी बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। महासंघ का मानना है कि कर्मचारी संगठनों और सरकार के बीच संवाद एवं विश्वास का वातावरण बना रहना चाहिए। कर्मचारी नेताओं के तबादले जैसे कदम कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित करते हैं तथा औद्योगिक सौहार्द भी कमजोर पड़ता है। नरेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार एवं निगम प्रबंधन से आग्रह किया कि मान सिंह के तबादले के आदेश की निष्पक्ष समीक्षा कर उसे तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारी हितों की अनदेखी जारी रही तो विभिन्न कर्मचारी संगठन संयुक्त रूप से आगे की रणनीति बनाने पर विचार करेंगे।

'शि' का अर्थ है पापों का नाश करने वाला और 'व' कहते हैं मुक्ति देने वाले को। भोलेनाथ में ये दोनों गुण हैं इसलिए वे शिव कहलाते हैं।
-ब्रह्मवैवर्त पुराण

## संपादकीय

# ओपीएस पर सियासत

हिमाचल प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव में अभी करीब डेढ़ वर्ष का समय शेष है, लेकिन राजनीतिक दलों ने अभी से चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। प्रदेश की राजनीति में इन दिनों जिस मुद्दे ने सबसे अधिक चर्चा बटोरी है, वह है ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस)। यह मुद्दा आगामी चुनावों की दिशा और दशा तय करने वाला एक बड़ा राजनीतिक हथियार बन चुका है। जिस प्रकार वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में ओपीएस ने सत्ता परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उसी प्रकार यह मुद्दा एक बार फिर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ओपीएस को अपनी प्रमुख चुनावी गारंटी बनाकर कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच मजबूत संदेश दिया था।

उस समय भाजपा ने स्पष्ट रूप से ओपीएस बहाली से दूरी बनाए रखी थी। केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर नई पेंशन व्यवस्था और बाद में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की दिशा में आगे बढ़ रही थी, इसलिए हिमाचल में भी भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार नहीं कर सकी। इसका राजनीतिक नुकसान उसे चुनाव में उठाना पड़ा। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ओपीएस बहाल कर कर्मचारियों को बड़ा संदेश दिया और अपना चुनावी वादा निभाया। आज प्रदेश के लगभग 1.36 लाख कर्मचारी ओपीएस का लाभ ले रहे हैं। यदि उनके परिवारों को भी जोड़ा जाए तो यह वर्ग चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। हिमाचल की राजनीति में कर्मचारियों का प्रभाव हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। यही कारण है कि कोई भी राजनीतिक दल इस वर्ग की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकता। भाजपा अब इस वास्तविकता को समझती दिखाई दे रही है। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का हालिया बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर ओपीएस का विरोध नहीं करेगी।

हालांकि यह बयान जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही विवादास्पद भी है। कर्मचारियों और आम जनता के मन में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठ रहा है कि क्या भाजपा वास्तव में अपने पुराने रुख से पीछे हट रही है या यह केवल चुनावी रणनीति का हिस्सा है। कुछ समय पहले तक भाजपा नेतृत्व और स्वयं जयराम ठाकुर यूपीएस को बेहतर विकल्प बताते रहे थे। ऐसे में अचानक ओपीएस के प्रति नरम रुख अपनाना कई सवाल खड़े करता है। राजनीतिक विश्वसनीयता किसी भी दल की सबसे बड़ी पूंजी होती है और बार-बार बदलते बयानों से उस पर असर पड़ता है।

दूसरी ओर कांग्रेस के लिए भी स्थिति पूरी तरह आसान नहीं है। हालांकि उसने ओपीएस बहाल कर कर्मचारियों का विश्वास जीता है, लेकिन प्रदेश की वित्तीय स्थिति लगातार चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। सरकार को सीमित संसाधनों में विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और कर्मचारियों की मांगों के बीच संतुलन बनाना पड़ रहा है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिस प्रकार वित्तीय प्रबंधन और राजस्व सृजन पर जोर दिया है, उससे सरकार की एक अलग पहचान बनाई है। केंद्र से अपेक्षित आर्थिक सहयोग न मिलने की शिकायतों के बावजूद सरकार ने अपने स्तर पर संसाधन जुटाने का प्रयास किया है। यही कारण है कि कांग्रेस केवल ओपीएस के भरोसे नहीं, बल्कि अपने समग्र प्रदर्शन के आधार पर भी जनता के बीच जाने की तैयारी कर रही है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि हिमाचल की राजनीति में वर्षों से एक राजनीतिक परंपरा रही है, जिसमें कांग्रेस और भाजपा बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। इस परंपरा को देखते हुए भाजपा को उम्मीद है कि सत्ता विरोधी लहर का लाभ उसे मिल सकता है, लेकिन वर्तमान समय में केवल राजनीतिक परंपराएं चुनाव नहीं जिताती। मतदाता अब अधिक जागरूक है और वह दलों के वादों के साथ-साथ उनके क्रियान्वयन का भी मूल्यांकन करता है। कांग्रेस ने अपनी दस गारंटियों में से कई को लागू करने का दावा किया है, जबकि शेष को पूरा करने के लिए समय मांगा है। ऐसे में चुनाव तक उसकी सफलता या विफलता का सीधा असर मतदाताओं के निर्णय पर पड़ेगा। ओपीएस के मुद्दे का एक राष्ट्रीय आयाम भी है। यदि भाजपा हिमाचल में खुलकर ओपीएस के पक्ष में जाती है, तो अन्य राज्यों के कर्मचारियों के बीच भी ऐसी ही मांगें तेज हो सकती हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अभिनेता और खलनायक

**अमरीश पुरी** भारतीय सिनेमा के सबसे प्रसिद्ध और प्रभावशाली खलनायकों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 22 जून 1932 को पंजाब के जालंधर में हुआ था। वे प्रसिद्ध अभिनेता मदन पुरी के छोटे भाई थे। मुंबई आने के बाद उन्हें प्रारंभिक संघर्षों का सामना करना पड़ा और स्क्रीन टेस्ट में असफल होने पर उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम में नौकरी की। नौकरी के साथ-साथ वे रंगमंच से जुड़े रहे और सत्यदेव दुबे तथा गिरीश कर्नाड के नाटकों में अभिनय किया। रंगमंच पर उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 1979 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। अमरीश पुरी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1971 में फिल्म 'रेशमा और शेरा' से की। बाद में 'निशांत', 'मंथन', 'भूमिका', 'कलयुग' और 'अर्धसत्य' जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय से अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी प्रभावशाली आवाज, मजबूत व्यक्तित्व और संवाद अदायगी ने उन्हें हिंदी सिनेमा का लोकप्रिय खलनायक बना दिया।



अमरीश पुरी
जन्म : 22 जून, 1932
मृत्यु : 12 जनवरी, 2005

वर्ष 1987 में फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में निभाया गया 'मोगेम्बो' का किरदार उनके करियर का सबसे यादगार पात्र साबित हुआ। उनका संवाद 'मोगेम्बो खुश हुआ' आज भी लोगों की जुबान पर है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई और स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'इंडियाना जोन्स एंड द टेम्पल ऑफ डूम' में मोलाराम की भूमिका निभाई। खलनायक के अलावा उन्होंने चरित्र अभिनेता के रूप में भी कई यादगार भूमिकाएं निभाईं। अपने लंबे करियर में उन्होंने लगभग 220 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। 'हीरो', 'कुली', 'मेरी जंग', 'दामिनी', 'करण अर्जुन', 'कोयला' और 'घायल' जैसी अनेक सफल फिल्मों में उनका अभिनय सराहा गया। 12 जनवरी 2005 को मुंबई में उनका निधन हो गया। अमरीश पुरी आज भी भारतीय सिनेमा के महान अभिनेताओं में याद किए जाते हैं।

## कविता

### दिव्य अनुराग



डॉ. राजीव डोगरा (युवा कवि एवं लेखक)
हिंदी अध्यापक, गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)

जन्म जन्मांतर की मेरी
अतृप्त इच्छाएं
मुझे छूने लगी है।
देख कर तुमको
मुझ में प्रेम जिज्ञासा
फिर उत्पन्न होने लगी है।
तुम्हारे अस्पर्श अहसास
मेरे सहस्रार को
जागृत करने लगे है।
न चाहते हुए भी
मेरे अनाहत में
तुम्हारे स्वर की गूंजने लगे है।

# फर्जी डिग्री और पेपर लीक से बढ़ी शिक्षा प्रणाली के समक्ष चुनौती





डॉ. सत्यवान सौरभ
सामाजिक विचारक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यह युवा शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी मानी जाती है। देश के लाखों विद्यार्थी हर वर्ष कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं, विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षणों से गुजरते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। परिवार अपनी बचत, समय और उम्मीदें उनकी शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन जब फर्जी डिग्रियों, पेपर लीक, नकल माफिया और शैक्षणिक भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती हैं, तब केवल कुछ संस्थानों या व्यक्तियों की साख नहीं गिरती, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था पर से भरोसा डगमगाने लगता है। यही कारण है कि शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता का प्रश्न आज केवल अकादमिक बहस का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है।

हाल के वर्षों में भारत में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थानों पर अनियमितताओं के आरोप लगे। कहीं फर्जी अंकपत्र जारी किए गए, कहीं बिना पर्याप्त पढ़ाई और मूल्यांकन के डिग्रियां बांटने की शिकायतें मिलीं, तो कहीं भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली के आरोप लगे। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था वास्तव में योग्यता आधारित है या फिर उसमें ऐसे छेद पैदा हो चुके हैं जिनका लाभ उठाकर कुछ लोग अनुचित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र देना नहीं होता। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल, विवेक और जिम्मेदारी प्रदान करती है। एक डॉक्टर की डिग्री केवल एक कागज नहीं होती, बल्कि यह प्रमाण होती है कि उसने मानव जीवन की रक्षा करने योग्य ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। एक इंजीनियर की डिग्री यह भरोसा देती है कि वह सुरक्षित भवन, पुल और तकनीकी संरचनाएं तैयार करने की क्षमता रखता है। एक शिक्षक की डिग्री इस बात की गारंटी मानी जाती है कि वह नई पीढ़ी को सही दिशा देने में सक्षम है। यदि इन डिग्रियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगें तो समाज का पूरा विश्वास तंत्र कमजोर पड़ने लगता है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि फर्जी डिग्रियों का नुकसान केवल उन लोगों तक सीमित नहीं रहता जो इन्हें हासिल करते हैं। इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। यदि कोई अयोग्य व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो मरीजों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। यदि किसी तकनीकी पद पर अयोग्य इंजीनियर पहुंच जाए तो सार्वजनिक परियोजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यदि शिक्षा संस्थानों में अयोग्य शिक्षक नियुक्त हो जाएं तो आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए यह केवल धोखाधड़ी का मामला नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का भी प्रश्न है। भारत में उच्च शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। यह आवश्यक भी था क्योंकि करोड़ों युवाओं को शिक्षा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन कई बार विस्तार की गति गुणवत्ता नियंत्रण से अधिक तेज रही। परिणामस्वरूप कुछ संस्थान केवल डिग्री वितरण केंद्र बनकर रह गए। शिक्षण, शोध, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और प्रशिक्षित शिक्षकों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। जब शिक्षा को सेवा के बजाय व्यवसाय के रूप में देखा जाने लगता है, तब ऐसे संकट पैदा होना स्वाभाविक है। पेपर लीक की घटनाओं ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। देश के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर भर्ती परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें आती रही हैं।

लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोग पैसे और प्रभाव के बल पर प्रश्नपत्र हासिल कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान उन प्रतिभाशाली युवाओं को होता है जो ईमानदारी से मेहनत कर रहे होते हैं। उनकी मेहनत का मूल्य कम हो जाता है और उनके मन में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। युवा पीढ़ी के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह अपनी योग्यता साबित करे, लेकिन यदि व्यवस्था निष्पक्ष न हो तो प्रतिभा हतोत्साहित होती है। जब किसी मेहनती छात्र को यह महसूस होने लगे कि सफलता योग्यता से नहीं बल्कि संपर्क, भ्रष्टाचार या जालसाजी से मिल सकती है, तब उसकी प्रेरणा कमजोर पड़ती है। यही स्थिति धीरे-धीरे सामाजिक असंतोष को जन्म देती है। कई प्रतिभाशाली युवा देश छोड़ने का निर्णय लेते हैं या फिर व्यवस्था से निराश होकर अपने सपनों से समझौता कर लेते हैं।

भारत की वैश्विक पहचान लंबे समय से उसके ज्ञान और प्रतिभा पर आधारित रही है। भारतीय मूल के वैज्ञानिक, इंजीनियर और चिकित्सक विश्व की प्रमुख संस्थाओं में कार्यरत हैं और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है। ऐसे में यदि भारतीय डिग्रियों की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठते हैं, तो इसका प्रभाव रोजगार और वैश्विक अवसरों पर पड़ सकता है।

हालांकि यह भी सत्य है कि कुछ संस्थानों की गलतियों के आधार पर पूरी शिक्षा व्यवस्था को गलत नहीं ठहराया जा सकता। भारत में अनेक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय और शोध संस्थान हैं जो उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हैं। समस्या कुछ नकारात्मक उदाहरणों के कारण पूरी प्रणाली की छवि प्रभावित होने में है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, डिजिटल सत्यापन, सुरक्षित परीक्षा प्रणाली और कौशल आधारित मूल्यांकन को बढ़ावा देना आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिना छत के खुले प्रांगण में रहना पसंद करती हैं मां शिकारी देवी





तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश के मंडी जनपद में अनेक प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थल स्थित हैं, लेकिन धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए मां शिकारी देवी मंदिर का विशेष स्थान है। उपमंडल करसोग में समुद्र तल से लगभग 11 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। देवदार, चीड़, कैल और अन्य घने वृक्षों से आच्छादित यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है।

स्वच्छ वातावरण, रंग-बिरंगे फूलों की बहार, औषधीय वनस्पतियां तथा पश्चिमी हिमालय के दुर्लभ पक्षी और वन्य जीव इस क्षेत्र की विशेष पहचान हैं। मां शिकारी देवी मंदिर केवल धार्मिक महत्व के कारण ही नहीं, बल्कि अपनी अनूठी संरचना और रहस्यमयी मान्यताओं के कारण भी प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का संपूर्ण क्षेत्र वन्य जीव अभयारण्य के अंतर्गत आता है, जहां विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों का विचरण देखा जा सकता है। यहां वन्य जीवों के शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। मंदिर के चारों ओर फैले मनोरम दृश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक अलग ही दुनिया का अनुभव कराते हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार महर्षि मार्कंडेय ने इस स्थान पर वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर मां दुर्गा शक्ति स्वरूप में यहां प्रकट हुईं। एक अन्य मान्यता के अनुसार पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान इस मंदिर की स्थापना की थी। कहा जाता है कि वनवास के समय पांडव एक दिन आखेट के लिए इस क्षेत्र में आए। उन्हें एक सुंदर हिरण दिखाई दिया और वे उसका पीछा करते रहे, लेकिन उसका शिकार नहीं कर सके। अंततः हिरण रहस्यमय रूप से अदृश्य हो गया। तभी उन्हें एक दिव्य स्त्री स्वर सुनाई दिया, जिसमें उन्हें उस स्थान पर स्थापित देवी की प्रतीकात्मक मूर्तियों को खोजकर मंदिर बनाने का आदेश दिया गया। पांडवों ने देवी की आज्ञा का पालन करते हुए यहां मंदिर की स्थापना की। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां आज तक कोई छत नहीं डाली जा सकी। जनश्रुतियों के अनुसार, मां शिकारी देवी खुले आकाश के नीचे रहना पसंद करती हैं। कई बार मंदिर पर छत डालने के प्रयास किए गए, लेकिन हर बार किसी न किसी कारणवश वे असफल रहे। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि माता की इच्छा के विरुद्ध यहां कोई निर्माण संभव नहीं है। यही कारण है कि मंदिर आज भी बिना छत के खुले प्रांगण में स्थित है। इस मंदिर से जुड़ा एक और आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि भारी हिमपात के बावजूद माता की प्रतिमा और उसके आसपास का स्थान बर्फ से ढका नहीं रहता, जबकि मंदिर परिसर के बाहर और आसपास का पूरा क्षेत्र बर्फ की मोटी चादर से ढका रहता है। श्रद्धालु इसे मां की दिव्य शक्ति का चमत्कार मानते हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग 1100 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मार्ग में यात्रियों के विश्राम के लिए बेंचों की व्यवस्था भी की गई है। मंदिर की बाहरी दीवारों पर देवी-देवताओं के सुंदर चित्र उकेरे गए हैं, जो इसकी धार्मिक गरिमा को और बढ़ाते हैं। परिसर में एक भव्य हवन कुंड भी है, जहां श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार हवन करवाते हैं। जनश्रुति है कि मंदिर के चारों ओर नौ नाग देवताओं ने माता को सुरक्षा कवच प्रदान किया हुआ है। प्रतिदिन यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, चूड़ियां और अन्य पूजन सामग्री की दुकानें भी उपलब्ध हैं। ठहरने के लिए सराय तथा खानपान की सुविधाएं भी मौजूद हैं।

वास्तव में मां शिकारी देवी मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, प्रकृति और संस्कृति का अद्भुत संगम है। यहां पहुंचकर श्रद्धालु न केवल माता के दर्शन करते हैं, बल्कि हिमालय की अनुपम प्राकृतिक छटा का आनंद लेते हुए आध्यात्मिक शांति का भी अनुभव करते हैं। यही कारण है कि यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में विशेष स्थान रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिमाचली धाम : स्वाद, सेहत और संस्कृति का अद्‌भुत संगम





राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, तंबलू (हमीरपुर)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी जाना जाता है। इस धरोहर का एक बेहद महत्वपूर्ण और स्वादिष्ट हिस्सा है- 'हिमाचली धाम'। धाम केवल एक पारंपरिक भोज नहीं है, बल्कि यह हिमाचल की मेहमाननवाजी, सामुदायिक भावना और आयुर्वेद के सिद्धांतों का एक बेहतरीन उदाहरण है।

आइए, जानते हैं कि हमारी यह पारंपरिक थाली स्वास्थ्य और संस्कृति के लिहाज से कितनी महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक महत्व के अनुरूप एकता और सामूहिकता का प्रतीक हिमाचली संस्कृति में धाम का स्थान सर्वोपरि है। शादी-ब्याह, त्योहारों या किसी भी बड़े मांगलिक कार्य में धाम का आयोजन किया जाता है। **समानता का संदेश :** धाम में अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं होता। सभी लोग जमीन पर एक साथ बैठकर (पंगत में) पत्तलों पर भोजन करते हैं, जो सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देता है।


**'बोटी' और तांबे के बर्तन:** धाम बनाने वाले विशेष रसोइयों को 'बोटी' कहा जाता है। भोजन को तांबे के बड़े बर्तनों (जिन्हें 'चरोटी' या 'बलटोई' कहते हैं) में लकड़ी की धीमी आंच पर पकाया जाता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। **पत्तलों का उपयोग :** धाम को 'टौर' के पत्तों से बनी थाली (पत्तल) पर परोसा जाता है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि मिट्टी से जुड़े रहने की सांस्कृतिक भावना को भी दर्शाता है।

**स्वास्थ्य के लिए वरदान :** आयुर्वेद और पोषण का मेल सफेद चावल, मदरा (काले चने या राजमा का दही आधारित व्यंजन), माह की दाल (उड़द), कढ़ी और खट्टा का यह संयोजन केवल जीभ का स्वाद नहीं बढ़ाता, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। **प्रोटीन और कार्ब्स का संतुलन :** चावल और विभिन्न दालों (जैसे राजमा, छोलिया, उड़द) का संयोजन शरीर को आवश्यक अमीनो एसिड और भरपूर प्रोटीन प्रदान करता है, जो मांसपेशियों के लिए जरूरी है। **दही और मसालों का जादू (पाचन क्रिया में सुधार) :** धाम में प्याज और लहसुन का उपयोग नहीं होता। इसकी जगह दही, हींग, जीरा, सौंफ, मेथी, दालचीनी और लौंग जैसे मसालों का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। यह पेट में गैस नहीं बनने देता और पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है। **तांबे के बर्तनों के फायदे :** तांबे के बर्तनों में खाना पकने से उसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण आ जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) को बढ़ाते हैं। **'खट्टा' और 'मीठा' का संतुलन :** धाम के अंत में परोसा जाने वाला अमचूर या इमली का खट्टा और बूंदी का मीठा (बदाना) न केवल स्वाद को पूरा करता है, बल्कि भोजन को पचाने में भी मदद करता है। आज के दौर में जब हम फास्ट फूड की तरफ भाग रहे हैं, हिमाचली धाम हमें याद दिलाती है कि हमारी जड़ों में कितना स्वास्थ्यवर्धक और वैज्ञानिक भोजन छुपा है।

कुल मिलाकर, हिमाचली धाम केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि हिमाचल की आत्मा है। हमें अपनी इस अनमोल परंपरा को संजोकर रखना चाहिए और इस पर गर्व करना चाहिए। जब हम कहते हैं कि 'धाम हिमाचल की आत्मा है', तो इसका अर्थ यह है कि यह भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं, बल्कि संस्कार, विज्ञान और संतोष के लिए खाया जाता है। आज के समय में जब जीवन कृत्रिम (Artificial) होता जा रहा है, धाम हमें अपनी मिट्टी की खुशबू, अपनों के साथ बैठने का सुख और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीने का रास्ता दिखाती है। यह हमारी सेहत का वह गुप्त खजाना है, जिसे पश्चिम के 'फास्ट फूड' के चक्कर में खोना बहुत बड़ी भूल होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वस्थ जीवन और संतुलित समाज की ओर एक वैश्विक पहल





प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। दरअसल, योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। आज के आधुनिक युग में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली, प्रदूषण और मानसिक दबाव के कारण योग का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव भारत द्वारा वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा गया था। इस प्रस्ताव को बड़ी संख्या में देशों का समर्थन मिला और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को विश्वभर में मनाया गया। 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन माना जाता है और भारतीय परंपरा में इसका विशेष महत्व है। 'योग' शब्द संस्कृत की 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ है-जोड़ना या एकता स्थापित करना। योग व्यक्ति को शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देता है। योग के अंतर्गत आसन, प्राणायाम, ध्यान तथा अनुशासित जीवनशैली को महत्व दिया जाता है।

योग के नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ, लचीला और सशक्त बनता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में सहायक होता है। साथ ही श्वसन क्षमता, रक्त संचार और रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी सुधार करता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी योग उपयोगी माना जाता है। मानसिक रूप से यह एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

विद्यार्थियों के लिए योग विशेष रूप से लाभकारी है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा व्यवस्था और डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण विद्यार्थियों में तनाव बढ़ रहा है। योग और ध्यान उन्हें मानसिक शांति, बेहतर एकाग्रता तथा सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। यही कारण है कि अनेक विद्यालयों और महाविद्यालयों में योग शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी योग अत्यंत उपयोगी है। यह शरीर की लचक बनाए रखने, संतुलन सुधारने तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने में सहायता करता है। हालांकि किसी भी विशेष रोग की स्थिति में विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही योगाभ्यास करना चाहिए। आज योग का प्रचार-प्रसार विश्व के लगभग सभी देशों में हो चुका है। अमेरिका, यूरोप, एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों में लाखों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना चुके हैं। इससे भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक सम्मान मिला है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक वार्षिक उत्सव नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन का संदेश है। यदि हम योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लें, तो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता और आत्मानुशासन का विकास भी संभव है। वास्तव में, स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन ही सच्ची समृद्धि का आधारशिला हैं, और योग इस लक्ष्य तक पहुंचने का सर्वोत्तम मार्ग है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धारकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए, बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## स्टालिश फुटबॉलर जॉर्डिन पामेला

जॉर्डिन पामेला हुइटेमा एक कनाडाई पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं। हुइतेमा ने 15 साल की उम्र में सीनियर राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 16 साल की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जिससे उन्हें भविष्य की संभावित स्टार के रूप में सुर्खियां मिलीं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### ईरान के कोच आमिर बोले- अमेरिका अब भी कर रहा है खराब बर्ताव

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ईरान के कोच आमिर घलेनोई ने कहा कि विश्व कप में अमेरिका यात्रा प्रतिबंधों और वीजा अस्वीकृति के जरिए उनकी टीम के साथ अब भी खराब बर्ताव कर रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि फीफा अगले साल मेजबान देश को इनमें से कुछ कड़े नियमों को कम करने के लिए मना लेगा। घलेनोई ने कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि हमारा देश हमारे साथ खड़ा है। हम ईरान में अपने शहीदों के लिए खेल रहे हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि इस तरह के व्यवहार से हमारे लोगों को ठेस पहुंची है।" उन्होंने कहा, "यहां तक कि अगर हम अरबों डॉलर खर्च करते हैं तब भी अपने लोगों को न्याय नहीं दिला पाएंगे। इससे पता चलता है कि हम एक शोषित देश हैं। फिर भी मुझे उम्मीद है कि हमें शांति मिलेगी और विश्व कप में इस तरह का व्यवहार संस्थागत रूप नहीं लेगा।" ईरान की टीम रविवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने दूसरे मैच के लिए शनिवार को लॉस एंजिलिस लौट आई, लेकिन घलेनोई ने कहा कि उनकी टीम इस मैच के लिए पर्याप्त अभ्यास नहीं कर पाई। घलेनोई ने विश्व कप की अन्य टीमों और कोच से भी ईरानी टीम के साथ किए जा रहे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

### विश्व कप में खिलाड़ियों की पहली पसंद बने पिंक फुटबॉल बूट्स

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** जियो रेना ने विश्व कप की शुरुआत में अमेरिका के लिए एक यादगार गोल दागा। विनीसियस जूनियर ने ब्राजील के पहले मैच में एक शानदार गोल किया। काइलियान एमबाप्पे ने दो गोल करके फ्रांस के लिए करियर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया। हैरी केन ने भी दो गोल करके इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। इन सभी में एक समानता थी और वह यह थी कि इन सभी खिलाड़ियों ने गुलाबी रंग के जूते पहन रखे थे। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में चल रहे विश्व कप में इंद्रधनुष के सभी रंगों में से गुलाबी रंग फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सबसे ज्यादा चमक बिखेर रहा है। दर्जनों खिलाड़ी गुलाबी रंग के जूते पहने हुए हैं जो मैदान की हरी घास पर अलग ही नजर आ रहे हैं। कई जूता कंपनियों ने इस टूर्नामेंट से पहले प्रदर्शन और दृश्यता दोनों को ध्यान में रखते हुए इन जूतों को तैयार किया है। नाइकी के ग्लोबल फुटवियर निदेशक ओडिंगा निमाको ने कहा, "खिलाड़ी इस रंग को आत्मविश्वास और अलग दिखने के प्रतीक के रूप में देखते हैं और दर्शकों को भी यह पसंद आ रहा है।" (अनंत ज्ञान)

### राफिन्हा की मांसपेशियों में खिंचाव लेकिन जल्द वापसी की संभावना

**एजेंसी, न्यू जर्सी।** ब्राजील की राष्ट्रीय टीम ने कहा कि उसके फॉरवर्ड राफिन्हा मांसपेशियों में खिंचाव का इलाज कराएंगे और उम्मीद है कि वह जल्द ही विश्व कप में वापसी करेंगे।



फिलाडेल्फिया में शुक्रवार को हैती पर टीम की जीत के दौरान राफिन्हा को यह चोट लगी थी और मैदान पर चिकित्सा सहायता लेने के बाद उन्हें बाहर जाना पड़ा था। ब्राजील के फुटबॉल महासंघ ने बाद में कहा कि इस 29 वर्षीय खिलाड़ी की दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और उसकी आगे जांच कराई गई। जांच से खिंचाव की पुष्टि हुई है लेकिन यह ऐसी चोट नहीं जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़े। ब्राजील बुधवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना अंतिम मैच खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

### बराड़ और प्रसिद्ध ने भारतीय टीम प्रबंधन को नया हौसला दिया

**एजेंसी, चेन्नई।** भारत ने अपने कुछ प्रमुख गेंदबाजों को विश्राम देकर अफगानिस्तान के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला में कम अनुभवी गेंदबाजों को आजमाया था जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करके अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले कप्तान शुभमन गिल और टीम प्रबंधन के हौसले बुलंद कर दिए। आईपीएल के व्यस्त सत्र के बाद थकान के कारण जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल की अनुपस्थिति का मतलब था कि भारत तीन मैचों की श्रृंखला में गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव और हर्ष दुबे जैसे नए गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरा। इन तीनों ने इस श्रृंखला से वनडे क्रिकेट में पदार्पण भी किया। बराड़ सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे, जिन्होंने तेज गति और उछाल भरी गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए। यादव और दुबे ने धर्मशाला और लखनऊ की सपाट पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। गिल ने भारत की श्रृंखला में 3-0 से जीत के बाद पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय क्रिकेट के लिए यह बहुत अच्छे और उत्साहजनक संकेत हैं कि हम ऐसे तेज गेंदबाजों को तैयार करना जारी रख सकते हैं जो लगातार अच्छी गति से गेंदबाजी कर सकें। गिल ने कहा कि मुझे लगता है कि अब हमारे पास अच्छे तेज गेंदबाजों का एक समूह है। (अनंत ज्ञान)

# भारत का शानदार प्रदर्शन, महिला हॉकी नेशंस कप पर किया कब्जा

## न्यूजीलैंड को फाइनल में 2-0 से हराया, नवनीत कौर और सुनेलिता के गोल से मिली जीत

**एजेंसी, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 के फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड टीम को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को ऑकलैंड में खेले गए फाइनल में भारत की ओर से नवनीत कौर (4वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (15वें मिनट) ने गोल किया। लालरेमसियामी ने फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवार्ड जीता, जबकि दीपिका छह गोल के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। यह भारतीय महिला टीम का दूसरा नेशंस कप खिताब है। इससे पहले टीम ने 2022 में इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण जीता था।

भारतीय महिला टीम अपने पूरे अभियान में अजेय रही। पूल ए के मैचों में अमेरिका (3-2), जापान (2-1) और उरुग्वे (3-2) को हराने के बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में चिली पर 6-0 से शानदार जीत दर्ज की। फिर फाइनल में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम की उपलब्धि को देखते हुए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य के लिए 1.5 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की।




रविवार को हुए खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने जोरदार शुरुआत की। नवनीत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और उन्होंने चौथे मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने खेल के दौरान तेजी दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया और अपनी आक्रामक शैली से न्यूजीलैंड के डिफेंस के लिए कई मुश्किलें खड़ी कर दीं।

पहले क्वार्टर में मिले एक और पेनल्टी कॉर्नर से उन्होंने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। दीपिका के तेज शॉट को सुनेलिता टोप्पो ने डिफ्लेक्ट करके 15वें मिनट में भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में शानदार डिफेंस दिखाया, जिससे मेजबान टीम को कोई खास मौका नहीं मिला। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही न्यूजीलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। हालांकि, वह इसे भुना नहीं सके। अंत में 2-0 से जीत हासिल कर भारतीय टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान, गिल बने कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने रविवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल कप्तान बनाए गए हैं। श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी दी गई है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज को 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए अहम माना जा रहा है। दौरे पर पांच टी-20 और तीन वनडे मैच होंगे। टी-20 टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है। श्रेयस अय्यर टी-20 टीम के कप्तान हैं। (अनंत ज्ञान)



## वरुण चक्रवर्ती आयरलैंड टी-20 सीरीज से बाहर



**वरुण** चक्रवर्ती चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दोनों सीरीज के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन फिलहाल वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। बीसीसीआई के अनुसार, उनकी वापसी पर अंतिम फैसला मेडिकल टीम की सलाह के बाद लिया जाएगा।

## आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम

**श्रेयस** अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

# कायरन पोलार्ड बने टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

**एजेंसी, डलास (अमेरिका)**

मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में एमआई न्यू यॉर्क से खेलते हुए दिग्गद खिलाड़ी कायरन पोलार्ड ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। पोलार्ड टी-20 क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में अपने हमवतन दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है।

पोलार्ड ने एमएलसी 2026 में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ शानदार शतक जड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 56 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इस शतकीय पारी के बाद पोलार्ड के टी-20 क्रिकेट में कुल रन 14,582 हो गए, जबकि क्रिस गेल के नाम 14,562 रन दर्ज हैं। इस तरह पोलार्ड टी20 क्रिकेट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इन



दोनों खिलाड़ियों के बाद एलेक्स हेल्स (14,449), जोस बटलर (14,371), डेविड वार्नर (14,284) और विराट कोहली (14,218) के नाम हैं।

हालांकि, मुकाबले में पोलार्ड की ऐतिहासिक पारी उनकी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉशिंगटन फ्रीडम ने पांच विकेट पर 245 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एमआई न्यू यॉर्क की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन ही बना सकी और मुकाबला 30 रन से हार गई।

पोलार्ड सिर्फ रन बनाने के मामले में ही नहीं, बल्कि टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने अपने करियर में 736 टी20 मुकाबले खेले हैं, जो इस फॉर्मेट में एक रिकॉर्ड है। उनके नाम दो शतक और 67 अर्धशतक शामिल हैं। पोलार्ड इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 700 से ज्यादा टी20 मैच खेले हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान पोलार्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अब भी सक्रिय हैं। हालांकि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेलते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए लंबे समय तक खेलने वाले पोलार्ड आईपीएल से भी संन्यास ले चुके हैं और फिलहाल टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड तो 38 रन से हराया

## महिला टी20 विश्व कप: इंग्लैंड ने 200 रन ठोककर स्कॉटलैंड पर जमाया दबदबा

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड ने वापसी करने वाली सोफिया डंकले के शानदार अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। डंकले को तीन बार जीवनदान मिला और उन्होंने इसका फायदा उठाकर 37 गेंद पर 57 रन बनाए। उनके अलावा फ्रेया केम्प (16 गेंदों में 39 रन) और डैनी गिब्सन (11 गेंदों में 30 रन) ने आखिरी तीन ओवरों में ताबड़तोड़ 59 रन बनाकर इंग्लैंड को पांच विकेट पर 200 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में यह पांचवा अवसर है जबकि किसी टीम ने 200 या इससे अधिक रन बनाए। स्कॉटलैंड की टीम इसके जवाब में सात विकेट पर 162 रन ही बना पाई। जब सोफी एक्लेस्टोन ने कैथरीन ब्राइस (06) के रूप में अपना 150वां टी20 विकेट लिया और फिर उसके बाद डार्सी कार्टर को 29 रन पर आउट किया, तो स्कॉटलैंड की उम्मीदें धूमिल हो गईं। 14वें ओवर में सारा ब्राइस के 24 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट होने के बाद स्कॉटलैंड की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं। इंग्लैंड के पांच गेंदबाजों ने विकेट साझा किए। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाई। उनकी जगह चार्ली डीन ने कप्तानी की। (अनंत ज्ञान)

## कॉकरोच जनता पार्टी का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर जंतर-मंतर में डटे प्रदर्शनकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे।



सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नीट री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## डेलावेयर के गवर्नर मैथ्यू ने योग की भारतीय विरासत को दी मान्यता जारी किया ऐतिहासिक घोषणापत्र

**एजेंसी, वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की कड़ी में अब अमेरिका का डेलावेयर राज्य भी शामिल हो गया है। राज्य के गवर्नर मैथ्यू मेयर ने 21 जून 2026 को आधिकारिक रूप से अपने राज्य में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का घोषणापत्र जारी किया है। इस कदम के जरिए उन्होंने भारत की इस प्राचीन पद्धति को स्थानीय स्तर पर विशेष सम्मान दिया है। गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक घोषणापत्र में गवर्नर मेयर ने योग की सराहना करते हुए इसे 'भारत की 5,000 वर्ष पुरानी प्राचीन विधा' बताया, जो मानव के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मन, शरीर और आत्मा को एक सूत्र में पिरोती है। घोषणा में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों पर जोर दिया गया। इसमें कहा गया, 'योग का अभ्यास शारीरिक ताकत, लचीलापन, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बढ़ाता है, जो तनाव को प्रबंधित करने और सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक मूल्यवान साधन प्रदान करता है। गवर्नर ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक रूप से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है, ताकि योग के अनेक फायदों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस घोषणा में डेलावेयर में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की इस दिन को मनाने की कोशिशों को भी मान्यता दी गई। (अनंत ज्ञान)

# महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना



**एजेंसी, अमृतसर**

शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक सिख गुरुधामों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रविवार सुबह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्यालय से रवाना हो गया। जत्थे की रवानगी से पूर्व धार्मिक मर्यादा के अनुसार अरदास की गई तथा श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। एसजीपीसी के अनुसार इस वर्ष 302 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 290 श्रद्धालुओं को पाकिस्तान का वीजा प्राप्त हुआ। वीजा प्राप्त करने वाले सभी श्रद्धालु आज जत्थे के साथ पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। यह जत्था पाकिस्तान स्थित विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के गुरुद्वारों के दर्शन करेगा तथा 30 जून को भारत वापस लौटेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सिख इतिहास और गुरु साहिबान से जुड़े पवित्र स्थलों पर मत्था टेकेंगे। यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने धर्म और विरासत से जुड़े पवित्र स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला है, जो उनके लिए बेहद विशेष क्षण है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान के सीमांत क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने पर तेजी से चल रहा काम: अश्विनी



**एजेंसी, बीकानेर**

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय विधि एवं न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर रेलवे स्टेशन से बीकानेर-लालगढ़-अमदावाद (साबरमती) एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ करते हुए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय द्वारा राजस्थान के सीमांत क्षेत्रों को मजबूत रेल नेटवर्क से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और बाड़मेर जिलों के अनेक गांवों को रेलवे सुविधा से जोड़ने का प्रकल्प हाथ में लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की डीपीआर बनाने सहित विभिन्न प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं। वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देशभर के 1,300 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। अनेक स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बीकानेर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए जून माह में पुनः टेंडर जारी किया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस-पीएलएफआई उग्रवादियों में मुठभेड़ एरिया कमांडर घायल

**एजेंसी, खूंटी।** झारखंड में खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के इंदवन में रविवार तड़के पांच बजे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएलएफआई) और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पीएलएफआई का एरिया कमांडर श्रवण दास घायल हो गया। पुलिस ने करीब छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलमी जंगल में पीएलएफआई के उग्रवादी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में एकत्रित हुए हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जरियागढ़ और कर्रा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस की टीम के जंगल में पहुंचते ही उग्रवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें कुख्यात कमांडर श्रवण दास को गोली लग गई। घायल कमांडर श्रवण दास को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर किया गया है। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि जंगल में सर्च ऑपरेशन जारी है। (अनंत ज्ञान)

# फ्रांस में गर्मी का कहर: सार्वजनिक जगह पर शराब पीना प्रतिबंधित, बाहर खेलने पर भी रोक

**एजेंसी, पेरिस**

यूरोप के कुछ हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने के लिए फ्रांस ने इमरजेंसी सेवाओं और सेना को जंगल की आग (वाइल्डफायर) के खतरे को लेकर अलर्ट पर रख रहा है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर रोक लगा रहा है और कुछ आउटडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स रद्द कर रहा है।

रविवार को फ्रांस का लगभग एक-तिहाई हिस्सा राष्ट्रीय मौसम सेवा के 'हीट रेड अलर्ट' के दायरे में है और पूरे देश में तापमान बहुत अधिक है। कुछ इलाकों में रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि इस देश में एयर कंडीशनिंग का इस्तेमाल बहुत अधिक नहीं होता है। सोमवार को और भी ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान है।

जोखिम कम करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय अधिकारियों ने कई उपाय किए हैं, जिनमें भीड़ को ठंडा रखने के लिए एफिल टॉवर और पेरिस की अन्य जगहों पर 'मिस्टिंग स्टेशन' (ठंडी फुहार छोड़ने वाली मशीनें) लगाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### 'चार साल में 2 लाख से ज्यादा मौतें'

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के यूरोप कार्यालय ने इस महीने कहा कि पिछले चार वर्षों में यूरोप में गर्मी से जुड़ी वजहों से 2,00,000 से अधिक लोगों की मौत हुई, और इनमें से ज्यादातर मौतों को रोका जा सकता था। इस गर्मी में औसत से अधिक तापमान रहने की उम्मीद है, जिससे 'हीट एग्जॉशन' (गर्मी से अत्यधिक थकान) और जानलेवा 'हीट स्ट्रोक' (लू लगना) हो सकता है।

### देशों को हीट प्लान लागू करने की सलाह

**डब्ल्यूएचओ** के यूरोप कार्यालय ने देशों और संस्थाओं से 'हीट प्लान' लागू करने को कहा है, जैसे कूलिंग सेंटर खोलना या काम के बीच ब्रेक देना अथवा फ्लेक्सिबल शिफ्ट शुरू करना, ताकि कर्मचारी दोपहर की तेज धूप से बच सकें।

### म्यूजिक डे समारोह बना प्रशासन की चिंता

रविवार को फ्रांस में होने वाला सालाना 'म्यूजिक डे' अधिकारियों के लिए खास चिंता का विषय है। गर्मियों में सबसे लंबे दिन (समर सॉल्स्टिस) के मौके पर होने वाले इस देशव्यापी जश्न में गांवों के चौराहों, रेव वेन्यू और पेरिस के क्लबों में हजारों कॉन्सर्ट होते हैं, जिससे लोग एक साथ आते हैं और बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### देवी-देवताओं की मौजूदगी में माहौल भक्तिमय



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन स्थल मनाली में माता हिडिंबा परिसर में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में देवी-देवताओं की मौजूदगी में माहौल भक्तिमय हो गया है। कथा सुनने के लिए भारी संख्या में लोग माता हिडिंबा परिसर पहुंच रहे हैं।

### भुंतर व बजौरा क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** विद्युत उपमंडल भुंतर के तहत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार और 24 जून को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भुंतर ने बताया कि 11 केवी दियार फीडर में एलआईएस हुरला और एलआईएस बाहमीनाला को 11 केवी का अतिरिक्त फीडर उपलब्ध कराने के लिए 22 जून और 24 जून को सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बगीचा, दियार, कहुधार, त्रैहन, भाटग्रां, बाहमीनाला, जरड़, कलहैली, लॉअर कलहैली, कमांद, लॉअर बजौरा, लॉअर हाट और इसके आसपास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।

### नियमित योग को अपनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा सुल्तानपुर स्थित धर्म सभा भवन में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। समिति की पदाधिकारी सीमा उपाध्य ने योग को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली का आधार बताया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी और अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी जैसे प्राणायामों का अभ्यास करवाया।

### विधायक भुवनेश्वर ने कटराईं में किया योगाभ्यास



**अनंत ज्ञान, कटराईं।** विश्व योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा कटराईं में उपमंडल स्तरीय योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रातः 6:30 बजे शुरू हुए इस सत्र में डॉ. मनीष सूद ने योग की पृष्ठभूमि और मानव जीवन में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयुष विभाग के प्रशिक्षकों ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में आयुष अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, एनएसएस स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने योग को केवल योग दिवस की औपचारिकता न मानकर इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान

**अनंत ज्ञान भुंतर।** भाजपा जिला कुल्लू द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भुंतर स्थित एयरपोर्ट पर मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित सूद, पूर्व प्रत्याशी नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की मनीषा सूद सहित कई पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। पीतांजलि योगपीठ की बिंदिया सूद ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने योग को प्राचीन भारतीय ज्ञान और आत्मिक शक्ति जागरण का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है।

# आईसीएमआर हाई एल्टीट्यूड रिसर्च सेंटर को मिलेगी नई रफ्तार : रवि ठाकुर


## बोले- केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने निर्माण कार्य को तेजी से बढ़ाने का दिया आश्वासन

◆ स्वास्थ्य अनुसंधान और चिकित्सा सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आईसीएमआर हाई एल्टीट्यूड रिसर्च सेंटर केलांग परियोजना को लेकर सकारात्मक प्रगति सामने आई है।

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने परियोजना के निर्माण कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है, जिससे इस बहुप्रतीक्षित संस्थान को नई गति मिलने की उम्मीद जगी है। रवि ठाकुर ने बताया कि उनके विधायक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान जाबलपुर स्थित आईसीएमआर के सहयोग से उत्तरी भारत के लिए इस महत्वपूर्ण अनुसंधान केंद्र की स्थापना को स्वीकृति मिली थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने इसका शुभारंभ किया था और प्रारंभिक संचालन के लिए केलांग अस्पताल में स्थान उपलब्ध कराया गया था।



उन्होंने कहा कि योरनाथ (केलांग) में इस परियोजना के स्थायी परिसर के निर्माण के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से भूमि और बजट भी स्वीकृत किया गया था, लेकिन पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहा था। रवि ठाकुर के अनुसार, मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने इस विषय को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के समक्ष उठाया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि परियोजना के स्थायी आधारभूत ढांचे का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा और पहले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही हाई एल्टीट्यूड संयुक्तआईसीएमआर-एएफएमएस रिसर्च सेंटर की स्थापना की दिशा में भी कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य अनुसंधान, जनजातीय स्वास्थ्य, उच्च ऊंचाई से संबंधित बीमारियों के अध्ययन तथा चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा देगा। इससे लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी और अन्य जनजातीय क्षेत्रों के लोगों के साथ-साथ यहां आने वाले हजारों पर्यटकों को भी भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। रवि ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और सांसद कंगना रनौत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय महत्व की परियोजना को शीघ्र पूरा करवाने के लिए आगे भी लगातार प्रयास जारी रखे जाएंगे।

# बाढ़ से नदी में गिरे बोल्डर हटाने का हो प्रबंध: गौतम

अनंत ज्ञान



**मनाली।** पर्यटन नगरी के पर्यटन हितों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को लेकर पर्यटन कारोबारियों ने प्रशासन से ब्यास नदी में गिरे विशाल बोल्डरों को हटाने की मांग उठाई है। इस संबंध में मनाली डेवलपमेंट काउंसिल फॉर ऑल टूरिज्म स्टेक होल्डर्स के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने उपमंडलाधिकारी (नागरिक) मनाली को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा कि पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ के दौरान एक विशाल चट्टान दो हिस्सों में टूटकर मनाली के फोरलेन आरसीसी पुल से लगभग 100 मीटर ऊपर ब्यास नदी में गिर गई थी। क्षेत्र में पिछले वर्षों के प्राकृतिक आपदाओं और बाढ़ के अनुभवों के आधार पर यह देखा गया है कि मानसून के दौरान नदी अपने साथ बड़े-बड़े पत्थर और मलबा बहाकर लाती है। पर्यटन हितधारकों का कहना है कि नदी में मौजूद यह दोनों विशाल बोल्डर जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। बाढ़ की स्थिति में इनके आसपास मलबा और पानी जमा होने से फोरलेन पुल की संरचना को खतरा पैदा हो सकता है। यदि पुल को किसी प्रकार की क्षति पहुंचती है तो इसका सीधा असर मनाली की पर्यटन गतिविधियों, स्थानीय अर्थव्यवस्था और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर पड़ेगा। ज्ञापन में प्रशासन से आग्रह किया गया है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) अथवा अन्य सक्षम एजेंसी को आवश्यक निर्देश जारी कर नदी तल में पड़े इन विशाल बोल्डरों को तोड़कर हटाया जाए। गौतम ने कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से संभावित नुकसान को रोका जा सकेगा और पर्यटन पर निर्भर मनाली की अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

# युवा प्रतिभागियों ने किया लेपचा, लांग्जा हिक्किम और कोमिक गांव का भ्रमण

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम चरण दो के चौथे दिन की शुरुआत योग एवं ध्यान सत्र के साथ हुई। इस सत्र ने प्रतिभागियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता तथा सामूहिक सहभागिता की भावना को सुदृढ़ किया। इस दौरान चांगो, नाको, हुरलिंग और ग्यू के युवा प्रतिभागियों ने लेपचा जबकि काजा खास और लालुंग खास के प्रतिभागियों ने लांग्जा, हिक्किम और कोमिक गांवों का भ्रमण किया।




युवाओं ने सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय जीवनशैली को जाना।

भ्रमण के दौरान युवाओं को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय जीवनशैली को निकट से जानने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। युवा प्रतिभागियों ने पत्र-लेखन गतिविधियों में भी भाग लिया और अपने विचार, आकांक्षाएं एवं शुभकामनाएं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार के माननीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका शुक्ला को माई भारत को संबोधित पत्रों के माध्यम से व्यक्त किए। इस पहल ने युवाओं को लोकतांत्रिक सहभागिता का अनुभव प्रदान किया तथा उन्हें अपनी बात रखने का एक सार्थक मंच उपलब्ध कराया। इसके अतिरिक्त गियू वॉइस ऑफ स्पीति सामुदायिक रेडियो स्टेशन में एक पॉडकास्ट सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा युवा विकास, स्थानीय संस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और विकसित भारत के विजन जैसे विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर तीरंदाजी एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें युवा प्रति भाइयों ने भाग लिया।

## आनी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की काउंसिलिंग आज

अनंत ज्ञान आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग सोमवार को आयोजित की जाएगी। यह काउंसिलिंग महाविद्यालय सभागार में प्रात: 10 बजे से शुरू होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के सभी विषयों की पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट से अपनी मेरिट सूची देख सकते हैं। उन्होंने मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर अपने मूल प्रमाण-पत्र, प्रवेश प्रपत्र (एडमिशन फॉर्म) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित काउंसिलिंग में उपस्थित होने का आग्रह किया है। प्राचार्य ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा प्रवेश से संबंधित अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इसके उपरांत पात्र विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय पर काउंसिलिंग में पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ढालपुर स्कूल में एसएमसी की नई कार्यकारिणी गठित

◆ वीर सिंह को एसएमसी अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित शहीद बाल कृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालपुर (कुल्लू) की नई एसएमसी का चुनाव हुआ। स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसमें वीर सिंह को अध्यक्ष और हरेदई (मधु शर्मा) को उपाध्यक्ष चुना। इसके अलावा सदस्यों में नीरज कुमार, राजीव, यज्ञा ठाकुर, गुमान सिंह, कर्म सिंह, तिलक राज, डाले राम, मीना ठाकुर, अनिता आजाद, आलू राम, यशपाल, मानचंद, प्रोमिला, सुशीला, किरण शर्मा, सुरेश, प्रोमिला-2, रानी देवी, वीना देवी और विरेंद्र को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। प्रधानाचार्य प्रकाश चंद ने कहा कि पहली ही बैठक में सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ है।

# योग ही स्वस्थ जीवन की वैज्ञानिक पद्धति: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर रथ मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित शिविर में 500 से अधिक लोगों में भाग लिया। शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारी, नागरिक, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों व योग साधकों ने भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया। आयुष विभाग द्वारा अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया।

विधायक सुंदर ने जिलावासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र एवं वैज्ञानिक पद्धति है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के समक्ष मानसिक तनाव और नशे जैसी सामाजिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में योग एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को योग, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करे तो स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से नशामुक्ति के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने का आग्रह किया। शिविर में के प्रतिभागियों को ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही सभी ने जीवनभर नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। विधायक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन,आयुष विभाग व कुल्लू की जनता का आभार व्यक्त किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनु बाला गौतम ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत तथा धन्यवाद किया। योग शिविर में पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष आशा देवी, उपाध्यक्ष शालिनी राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मनाली में जरूरतमंद बच्चों के लिए जिउ-जित्सु एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान मनाली।** बच्चों और युवाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गार्डियन इंडिया ने बिग माउंटेन जिउ-जित्सु, मनाली के सहयोग से गार्डियन जिउ-जित्सु स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को पूरी तरह नि:शुल्क जिउ-जित्सु और सेल्फ-डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मनाली के भजोगी स्थित ऑक्सीजन फिटनेस जिम में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सायं 4:00 से 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि आर्थिक स्थिति उनके सीखने और आगे बढ़ने में बाधा न बने। आयोजकों ने बताया कि जिउ-जित्सु केवल एक मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि एक प्रभावी आत्मरक्षा प्रणाली है, जो बच्चों को कठिन परिस्थितियों में शांत रहना, स्वयं की सुरक्षा करना और बिना अनावश्यक हिंसा के स्थिति को नियंत्रित करना सिखाती है। इसके साथ ही यह खेल शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, अनुशासन, सम्मान, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सामाजिक व्यवहार विकसित करने में भी सहायक है।

गार्डियन जिउ-जित्सु स्कॉलरशिप प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे बच्चों और युवाओं तक प्रशिक्षण की सुविधा पहुंचाना है, जो आर्थिक कारणों से इस प्रकार के खेलों और प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें न केवल आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन और एक सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक अभिभावक एवं प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए 9805998927 अथवा 8585976419 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: केलांग में दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति की ओर से ओल्ड सर्किट हाउस ग्राउंड केलांग में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. नताशा ठाकुर एवं आयुष अधिकारी डॉ सुरेश ने उपायुक्त का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



ओल्ड सर्किट हाउस ग्राउंड केलांग में योग शिविर का आयोजन किया।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का प्रदर्शन करवाते हुए सामूहिक योग सत्र का संचालन किया। योग शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों जिनमें डीएफओ इंद्रजीत सीरा,सीएमओ डॉ मनोज कुमार गांधी, जिला कृषि अधिकारी चौधरी राम , जिला कोष अधिकारी कर्णेश अवस्थी, आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी विभिन्न विभागों कर्मचारियों, विद्यालयों के विद्यार्थियों, महिला मंडलों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया।अंत में स्थानीय स्कूल के बच्चों ने मनमोहक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त किरण भड़ाना ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त भारत एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में योग और नशामुक्ति दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को नशे से दूर रखते हुए सकारात्मक एवं स्वस्थ गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 19 जून से 26 जून तक विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों एवं सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं तथा जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके और नशा मुक्त लाहौल-स्पीति के लक्ष्य को साकार किया जा सके ।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशा मुक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

## 'ताजमहल का टेंडर' के मंचन के साथ 'हिम रंग षष्ठी' के कुल्लू संस्करण का समापन

# राष्ट्रीय नाट्य स्कूल रंगमंडल की प्रस्तुति ने बिखेरा रंगमंच का जादू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल की ओर से कुल्लू में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्योत्सव 'हिम रंग षष्ठी' के कुल्लू संस्करण का समापन अटल सदन स्थित अंतरंग सभागार में रंगमंडल के बहुचर्चित एवं पिछले लगभग 28 वर्षों से निरंतर लोकप्रिय रहे नाटक 'ताजमहल का टेंडर' के प्रभावशाली मंचन के साथ हुआ।

इस अवसर पर रंगकर्म के क्षेत्र में प्रदेश के पहले हिमाचल गौरव सम्मान प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस नाटक की रचना अवकाश प्राप्त सिविल सेवा अधिकारी अजय शुक्ल ने की है, जबकि इसकी संगीत परिकल्पना एवं मूल निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 28 वर्ष पूर्व इस नाटक के प्रथम मंचन के समय चित्तरंजन त्रिपाठी स्वयं रंगमंडल के कलाकार थे और आज राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।



नाटक का मंचन करते कलाकार

कुल्लू में हुए इस मंचन का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि कुल्लू निवासी राजेश शर्मा ने नाटक के लोकप्रिय पात्र 'भैयाजी' की भूमिका निभाई। गौरतलब है कि लगभग 28 वर्ष पूर्व जब इस नाटक का पहला मंचन हुआ था, तब भी राजेश शर्मा ने यही भूमिका निभाई थी। इतने लंबे अंतराल के बाद उसी पात्र को पुन: मंच पर जीवंत करना दर्शकों के लिए एक भावनात्मक और स्मरणीय अनुभव रहा। नाटक 'ताजमहल का टेंडर' एक उत्कृष्ट व्यंग्य-रचना है, जिसकी मूल कल्पना अत्यंत रोचक है। नाटक यह प्रश्न उठाता है कि यदि मुगल सम्राट शाहजहाँ आज के दौर में ताजमहल जैसा स्मारक बनवाने का निर्णय लें और उन्हें सरकारी विभागों, कार्यालयों तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़े, तो उन्हें किन-किन जटिल, हास्यास्पद और विडंबनापूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। लेखक ने इस सरल प्रतीत होने वाली कल्पना को तीखे व्यंग्य, हास्य और सामाजिक-राजनीतिक टिप्पणियों से समृद्ध किया है। नाटक केवल फाइलों के अंबार, विभागीय कार्यशैली और प्रशासनिक टालमटोल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह भी उजागर करता है कि किस प्रकार राजनीतिक हित, सामाजिक दबाव और विभिन्न बाहरी शक्तियाँ किसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना को प्रभावित करती हैं। ताजमहल जैसे स्मारक का निर्माण किस प्रकार विभिन्न हितों और बहसों के बीच उलझ सकता है, यह नाटक अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। देश और विदेश में अनेक बार मंचित हो चुके इस नाटक की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। 'हिम रंग षष्ठी' के कुल्लू संस्करण के सफल समापन के बाद राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल का अगला पड़ाव धर्मशाला होगा, जहां रंगमंडल अपनी नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों से संवाद स्थापित करेगा।

## काजा में लोगों ने किया योगाभ्यास, दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का किया आह्वान



लोगों ने नशे से दूर रहने के लिए शपथ भी ली।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो काजा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर काज़ा में आयुष विभाग स्पीति स्थित काजा की ओर से 'स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग' थीम पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम काजा दीक्षित राणा की। इस अवसर पर एसडीएम ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि योग से न केवल शारीरिक व्यायाम, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील भी की। योग सत्र के दौरान उप-मंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश और आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन ने व्यायाम में किए जाने वाले विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया तथा किए जाने वाले योगासनों की जानकारी दी और उनका अभ्यास कराया। इस मौके पर तहसील कल्याण विभाग काज़ा ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरुकता अभियान भी चलाया गया और लोगों ने नशे से दूर रहने के लिए शपथ भी ली। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, आइटीबीपी के जवान, काजा मठ के लामागण, विद्यार्थी, महिला मंडल और स्थानीय लोगों सहित लगभग 150 लोगों ने हिस्सा लिया।

## गो रक्षकों ने कुत्तों के हमले से गंभीर रूप से घायल बछड़ी को बचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिले के पार्वती घाटी क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक का एक और मामला सामने आया, जिसमें एक छोटी बछड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया कि कुत्तों के झुंड ने बछड़ी पर हमला कर उसे बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसके शरीर पर गहरे और गंभीर जख्म हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोरक्षक संगठन के अध्यक्ष शेरा नेगी ने तत्काल अपनी टीम को सक्रिय किया। टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और घायल बछड़ी को सुरक्षित स्थान से पिकअप वाहन में लोड कर उपचार के लिए मौहल स्थित पॉलीक्लिनिक वेटनरी हॉस्पिटल पहुंचाया। वेटरनरी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने बछड़ी का तुरंत ऑपरेशन किया और उसके गहरे घावों पर टांके लगाए। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन सफल रहा और बछड़ी की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद आगे की बेहतर देखभाल के लिए बछड़ी को कुल्लू की गोशाला भेज दिया गया है। इस त्वरित और सफल रेस्क्यू अभियान के लिए स्थानीय निवासियों एवं गौ रक्षकों ने शेरा नेगी और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से बछड़ी की जान बचाई जा सकी। साथ ही क्षेत्र में आवारा कुत्तों द्वारा गोवंश और अन्य पशुओं पर हो रहे लगातार हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# ज्ञान भारती स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## ज्ञान भारती स्कूल में योग दिवस पर विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर किया योगाभ्यास

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रयास फाउंडेशन द्वारा संचालित ज्ञान भारती स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और एकजुटता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न योगासन किए और योग के महत्व को समझते हुए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

योग दिवस के आयोजन में बच्चों और स्थानीय लोगों ने आनंदपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विशेष रूप से स्वीटी मैम का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर बच्चों का मार्गदर्शन किया और योग सत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रयास फाउंडेशन की ओर से निर्मल ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। योग से होता है सर्वांगीण विकास : मुकेश शर्मा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम परवाणू में आयोजित किया गया। वहीं जिला आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन में भी विशेष रूप से योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योग विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाने के साथ-साथ योग के महत्व की जानकारी दी।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने योगाभ्यास में भाग लेते हुए कहा कि योग को प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग से मनुष्य का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित होता है तथा स्वस्थ जीवनशैली को



ज्ञान भारती स्कूल के बच्चे व अन्य योग दिवस के दौरान उत्साह की मुद्रा में। अनंत ज्ञान

बढ़ावा मिलता है। मुकेश शर्मा ने कहा कि योग करने से उन्हें अद्भुत सुख और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। उन्होंने लोगों से नियमित योग अपनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथेड़ फिटनेस क्लब में योग सत्र आयोजित:अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को कथेड़ स्थित वार्ड-17 में योग-अभ्यास सानिध्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड-17 की पार्षद अरुणा ठाकुर, स्थानीय युवा, मातृशक्ति और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक योग सत्र में भाग लिया।

योग प्रशिक्षक नीलम ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कथेड़ फिटनेस क्लब (केएफसी) के संचालक रूप लाल भाटिया ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिवादन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि योग केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन का नियमित हिस्सा बनना चाहिए।

सोलन जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के प्रति गहरी रुचि दिखाई। ज्ञान भारती स्कूल, परवाणू और कथेड़ फिटनेस क्लब सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जहां विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

कार्यक्रमों में योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा इनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। वक्ताओं ने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पूरे जिले में योग दिवस का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। प्रशासन ने भी भविष्य में और अधिक योग शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# धर्मपुर बाजार में दर्दनाक हादसा, अज्ञात व्यक्ति को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

अनंत ज्ञान

**कसौली।** सोलन जिले के धर्मपुर बाजार में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सुबह सैर के लिए निकले स्थानीय लोगों ने धर्मपुर बाजार में सड़क किनारे एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और उसकी पहचान करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी ट्रक ने व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही धर्मपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन से क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सुरक्षा उपाय मजबूत करने की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और दोषी वाहन चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को दुर्घटना या वाहन के बारे में जानकारी हो तो तुरंत सूचना दें ताकि जांच में मदद मिल सके और परिवार तक पहचान पहुंचाई जा सके। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन में 149 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 24 जून को होगा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मॉडल कैरियर सेंटर जटोली में 24 जून 2026 को 149 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि विभिन्न कंपनियों में फील्डमैन, मार्केटिंग, प्रोडक्शन और कॉल सेंटर एजेंट के पद शामिल हैं। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट तक रखी गई है और आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित सुबह 10:30 बजे उपस्थित होकर इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### सराहां में छह आंगनवाड़ी सहायिका पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** महिला एवं बाल विकास विभाग, पच्छाद सराहा द्वारा छह आंगनवाड़ी सहायिका पदों के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये पद विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में भरे जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 9 जुलाई 2026 तक साधारण आवेदन पत्र के माध्यम से कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम योग्यता 10+2 और आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से कम होना अनिवार्य है। साक्षात्कार 20 जुलाई 2026 को आयोजित होगा। चयन प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता व अन्य श्रेणियां शामिल हैं।

### डीएवी स्कूल सराहां में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** डीएवी पब्लिक स्कूल सराहाँ में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के मैनेजर विजय वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। बच्चों ने देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिकाओं के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दीं। अभिभावकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अनुशासन व मेहनत का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया गया।

### शरगांव स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन आधुनिक प्रणाली से किया गया वर्गीकरण

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरगांव में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय का उद्घाटन राणाघाट पंचायत के प्रधान कलिराम तथा नेई नेटी पंचायत की प्रधान मधु वाला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय के अंग्रेज़ी प्रवक्ता दलीय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तकालय को ड्यूई डेसिमल क्लासिफिकेशन प्रणाली के अनुरूप आधुनिक ढंग से विकसित किया गया है। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को लेखक, विषय एवं शीर्षक सूची के आधार पर वर्गीकृत किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को आवश्यक पुस्तकें खोजने में सुविधा होगी।

### चायल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीजी ट्रस्ट का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, चायल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीजी ट्रस्ट द्वारा विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हित अभय, योगेंद्र वर्मा, मदन ठाकुर, पंकज ठाकुर और रिकंज गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया और नियमित योग को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रही और सभी ने योग के महत्व पर विशेष जोर दिया।

# अर्की स्कूल प्रांगण में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



अनंत ज्ञान

**अर्की।** उपमंडल मुख्यालय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की प्रांगण में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने शिरकत की तथा जिला परिषद सदस्या आशा परिहार विशेष अतिथि के रूप में पधारी । जानकारी देते हुए बीएमओ आयुष विभाग ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर मनाया गया। आयुष विभाग से उपमंडलीय आयुष अधिकारी डॉ कामिनी शर्मा ने मुख्य अतिथि व साथ आए अतिथियों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई । आयुष अधिकारी द्वारा योग से पूर्व इस दिवस के बारे में आए लोगों को जानकारी दी गई व इसके महत्व के बारे में बताया कि योग क्यों जरूरी है तथा इसके क्या लाभ हैं।

तत्पश्चात आए लोगों ने योग किया। मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में योग दिवस की बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि योग से मनुष्य हृष्ट-पुष्ट रहता है व हमें हर रोज योग करना चाहिए। विशेष अतिथि द्वारा भी आए लोगों व बच्चों से योग एवं प्राणायाम करने का आवाहन किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं सदस्य, आयुष विभाग से डॉ करूणेश, डॉ तुंगेशवर राजपूत, डॉ इंद्र गर्ग, डॉ नरेश, डॉ हेमा कश्यप, कामिनी गुप्ता, मंजू गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर अनुशासन और उत्साह का परिचय दिया। विशेषज्ञों ने नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन और निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। योग से शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित हुआ।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सलोगड़ा में चला स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा ग्रामीण मंडल सोलन द्वारा ग्राम पंचायत सलोगड़ा के विजेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी तथा जिला सोलन प्रभारी राजपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उनका स्वागत बीडीसी सदस्य मनीष कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत, महामंत्री विजय ठाकुर तथा सचिव सीमा कश्यप ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले श्री विजेश्वर मंदिर में माथा टेका। इसके पश्चात मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया



पौधरोपण के दौरान मुख्यअतिथि व अन्य। अनंत ज्ञान

तथा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला प्रभारी राजपाल और संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी ने विजेश्वर मंदिर परिसर, पंचायत घर एवं स्कूल के समीप के क्षेत्र के अलावा बीडीसी सदस्य मनीष कुमार और सचिव सीमा कश्यप के निवास स्थान पर भी औषधीय पौधे लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत ने की। इस अवसर पर महामंत्री विजय ठाकुर, सीमा कश्यप, बीडीसी सदस्य मनीष कुमार, तरसेम भारती, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सन्नी ठाकुर, मंगलेश, वेदांत ठाकुर, विशाल, प्रदेश आईटी कार्यकारिणी सदस्य अरुष, कुलदीप, अनिल राणा, ग्राम पंचायत सलोगड़ा के प्रधान मनोज शर्मा, उपप्रधान मोहन लाल, उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज नौणी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया,ध्यान और योग का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नौणी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. के.के. रैना (वैज्ञानिक सलाहकार, डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रभारी राजयोगिनी बीके कल्पना ने उपस्थित लोगों को मन की शांति और सकारात्मक जीवन के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मन की स्थिति का हमारे शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए मानसिक शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन के माध्यम से तन और मन दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कुमारी शिखा बहन ने विभिन्न योगासन करवाए और उनके



योगाभ्यास करते साधक। अनंत ज्ञान

स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी भी प्रतिभागियों के साथ साझा की। योगाभ्यास में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. के.के. रैना ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सादगी और पवित्रता जितनी अधिक होगी, व्यक्ति उतना ही आगे बढ़ेगा और मानसिक रूप से शांत रहेगा। उन्होंने योग और ध्यान को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति और मानव कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ किया गया। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति और मानव कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग और ध्यान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया, जिससे सभी ने मानसिक शांति और आत्मिक संतोष का अनुभव किया। समाज में सकारात्मक संदेश फैला।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

**सोलन।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रतिनिधियों ने आज हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल कविंदर गुप्ता के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संस्थान के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल महोदय को संस्थान द्वारा देश विदेश में संचालित विभिन्न आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बैठक के दौरान संस्थान की आध्यात्मिक गतिविधियों, सत्संग कार्यक्रमों, संस्कारशालाओं, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा युवा जागरूकता जैसे विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर विशेष चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्थान समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत है और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति के आंतरिक विकास पर बल देता है। इस दौरान माननीय राज्यपाल जी को आगामी 29 जून से क्योंथल बैंक्वेट हॉल,खलीनी,शिमला में



राज्यपाल से भेंट करते दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

प्रारम्भ होने जा रही भगवान शिव कथा के पावन आयोजन हेतु सादर आमंत्रित भी किया गया। संस्थान के प्रतिनिधियों ने उन्हें इस दिव्य आयोजन में सहभागिता हेतु आग्रह किया।

बैठक में संस्थान द्वारा संचालित कामधेनु गौशाला के विषय में भी विस्तार से चर्चा हुई, जहाँ देसी गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि गौशाला में भारतीय नस्ल की गायों की सेवा, संवर्धन तथा उनके माध्यम से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। माननीय राज्यपाल श्री कविंदर गुप्ता जी ने संस्थान द्वारा किए जा रहे इन सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को जारी रखने के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राज्यपाल ने कहा कि समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का प्रसार समय की आवश्यकता है। उन्होंने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रतिनिधियों ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

# 28 जून को पोलियो अभियान आयोजित 83 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** मनमोहन शर्मा ने कहा कि 28 जून, 2026 को ज़िला सोलन में प्लस पोलियो अभियान के तहत 83 हजार बच्चों को प्लस पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मनमोहन शर्मा आज यहां ज़िला स्तरीय परामर्श अनुवर्ती तथा ज़िला प्रतिरक्षण कार्य बल (प्लस पोलियो, ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एच.पी.वी.) टीकाकरण, एच.आई.वी.) के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए सोलन ज़िला में 443 बूथ तथा 10 मोबाइल बैन स्थापित किए जाएंगे। इनके द्वारा ज़िला सोलन के 83 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो बच्चें 28 जून, 2026 को प्लस पोलियो की खुराक पिने से छूट जाएंगे, उन्हें 29 व 30 जून, 2026 को घर-घर जाकर कर्मियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को ज़िला सोलन के रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, बैरियर तथा शूलिनी मेला में भी प्लस पोलियो बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि कोई नवजात इससे वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चों को प्लस पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित बनाएं।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला सोलन में एच.पी.वी. के तहत लगभग 05 हजार 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की किशोरियों को एच.पी.वी. टीकाकरण लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी पात्र किशोरियों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपनी बच्चियों को एच.पी.वी. का टीकाकरण लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण नि:शुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एच.पी.वी. टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए है, यह टीका सुरक्षित है और यह टीका प्रक्षिशित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगाया जा रहा है।

# सूखा पड़ा नगर निगम का 1 करोड़ रूपए से बना टैंक

## भाजपा नेता शैलेन्द्र गुप्ता का आरोप यह विकास नहीं, जनता के पैसे की बर्बादी



नगर निगम का नवनिर्मित टैंक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पेयजल संकट के बीच शहर में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पानी का टैंक आज भी सूखा पड़ा है और इसका उद्घाटन के बावजूद कोई लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा। स्वास्थ्य मंत्री से चुनाव से ठीक पहले इस टैंक का उद्घाटन कर पेयजल समस्या का समाधान का दावा किया था। वहीं भाजपा का आरोप है कि जिस उद्देश्य से इस परियोजना को तैयार किया गया था, वह पूरा नहीं हो पाया और करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। भाजपा ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और यह पता लगाया जाए कि आखिर इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद परियोजना का लाभ जनता तक क्यों नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए एक पानी के टैंक को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे जनता के पैसे की बर्बादी और वित्तीय अपराध करार दिया है। शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर केवल निर्माण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि योजनाएं धरातल पर लोगों को लाभ पहुंचाएं। यदि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी टैंक उपयोग में नहीं आ रहा, तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सोलन के लोग लंबे समय से पानी की



समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसे समय में अधूरी अथवा निष्प्रभावी परियोजनाएं जनता के साथ अन्याय के समान हैं। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला बताते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द इस परियोजना को चालू नहीं किया गया तो भाजपा आंदोलन करेगी। साथ ही उन्होंने मांग की कि टैंक की तकनीकी जांच कर वास्तविक कारण जनता के सामने लाए जाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# आयुष विभाग सिरमौर ने किया जिला स्तरीय योग शिविर कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान



**नाहन।** जिला सिरमौर के पक्का तालाब मैदान नाहन में आज 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग सिरमौर द्वारा जिला स्तरीय योग शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोक सभा सांसद सुरेश कश्यप तथा विधायक नाहन अजय सोलंकी, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पार्षद नरेंद्र तोमर तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों, विभिन्न संस्थाओं, विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग तथा प्राणायाम क्रियाएं की।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर लोक सभा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य उपहार है जिससे न केवल भारत वर्ष अपितु सम्पूर्ण विश्व जुड़ रहा है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोड़ने वाली संपूर्ण जीवन पद्धती है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ जीवनशैली और सामूहिक कल्याण को बढावा देने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन है। भारत देश ने योग के माध्यम से पूरे विश्व को शारीरिक विकास, मानसिक शांति और बेहतर स्वास्थ्य का पथ प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय के साथ यह योग दिवस मनाया जा रहा है ताकि बढ़ती आयु के साथ आने वाले समय के लिए हम अपने आपको शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक व आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ रख सके। योग तथा प्राणायाम स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का प्रभावी माध्यम है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीटन महाविद्यालय में योग सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** एसडीडब्ल्यूजी राजकीय महाविद्यालय बीटन में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यूथ रेड क्रॉस क्लब के तत्वावधान में योग सत्र एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे महाविद्यालय परिसर में हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों, यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. समीक्षा गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा वर्तमान तनावपूर्ण जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### रामलीला मैदान अंब में लगाया योग शिविर

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को अंब के रामलीला मैदान में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिक्षक विकास कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए तथा योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव दूर होता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। नियमित योग करने से शरीर में शक्ति, चुस्ती और स्फूर्ति बढ़ती है तथा व्यक्ति रोगमुक्त जीवन की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### गगरेट अस्पताल के स्टाफ ने किए योगासन

**अनंत ज्ञान, घनारी।** जब आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे समय में योग ही स्वस्थ और संतुलित जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल गगरेट में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षक हरजीन्दर सिंह के कुशल निर्देशन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं अन्य योग क्रियाएं करवाई गईं। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा से भी भर देता है।

### बाइक-पिकअप की टक्कर में युवक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब-ऊना रोड पर रविवार को पहाड़ी मोंक रेस्टोरेंट के समीप एक मोटरसाइकिल और पिकअप ट्राला के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार सौरभ निवासी कटोहड़कलां, मुबारिकपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान ऊना रोड स्थित पहाड़ी मोंक रेस्टोरेंट के साथ वाली गली से अचानक एक पिकअप ट्राला मुख्य सड़क पर आ गया, जिससे दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार सौरभ को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज यशपाल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### जलग्रां में बांटा हलवा, मीठे पानी की छबील लगाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रविवार को ऊना नगर निगम के जलग्रां में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गांव वासियों द्वारा ( धर्मशाला- किरतपुर साहिब ) राष्ट्रीय राजमार्ग 503 पर आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील और हलवे चने का वितरण किया गया। इस मौके पर गाँव के दर्जनों युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं इस दौरान पंचायत के पूर्व उपप्रधान रशपाल सिंह पम्मा भी मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि समस्त गांववासियों के सहयोग से इस छबील का आयोजन किया गया हैं।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संत निरंकारी मिशन की समोह शाखा में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का प्रभावी माध्यम है तथा स्वस्थ जीवन के लिए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### योग को बनाएं दैनिक जीवन का हिस्साः शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। प्रधानाचार्य टीडी शर्मा ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

### निरंकारी मिशन ने दिया स्वास्थ्य का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** संत निरंकारी मिशन की बिलासपुर शाखा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। मिशन ने योग को आत्मजागृति और अनुशासित जीवन का प्रभावी माध्यम बताया।

### घुमारवीं में नशामुक्त भारत की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत करगिल शहीद विजयपाल मेमोरियल पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में भाषण, पोस्टर निर्माण और शपथ ग्रहण गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

### त्यून खास में पर्यटन विकास को मिलेगा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने त्यून खास के ऐतिहासिक स्थलों और किलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इसे पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने इको-टूरिज्म समिति के गठन, सड़क सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

### सीएम के आदेश न मानने वालों पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान चेत राम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान के निर्देशों के बावजूद कुछ विभागों ने अभी तक आवश्यक जानकारी वित्त विभाग को नहीं भेजी है। उन्होंने ऐसे लापरवाह विभागाध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने की भी आवश्यकता बताई।

### तकनीकी सहायक भर्ती में धांधली के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जलशक्ति विभाग में तकनीकी सहायक भर्ती प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी बलबीर सिंह और मीना देवी ने उपायुक्त बिलासपुर को शिकायत पत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि प्राथमिक चयन सूची में नाम होने के बावजूद बाद में जारी सूची से उनके नाम हटा दिए गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### संत शिरोमणि कबीर का प्रकटोत्सव 29 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कबीरपंथी समाज सुधार सभा के जिला प्रधान विजय कालिया ने बताया कि संत शिरोमणि कबीर जी महाराज का 629वां प्रकटोत्सव 29 जून को संत शिरोमणि कबीर मंदिर बल्लू खरयाला में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा, जिसके बाद कबीर वंदना, सत्संग एवं महिला मंडलों द्वारा कबीर जी की शिक्षाओं पर आधारित विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए छबील, फल एवं लंगर की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने सभी भक्तों से सुबह 9 बजे कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया।

# 600 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

## हिमकैप्स नर्सिंग एंड लॉ कॉलेज बढेड़ा में हुआ विश्व योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को हिमकैप्स नर्सिंग एंड लॉ कॉलेज परिसर, बढेड़ा में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' (योगा फॉर हेल्दी एजिंग) के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 6:30 बजे से 7:30 बजे तक चले एक घंटे के योग सत्र में प्रशिक्षुओं, विद्यार्थियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों सहित लगभग 600 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्यातिथि सहायक आयुक्त विनय मोदी ने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त अमूल्य विद्या है, जिसने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि 'करें योग, रहें निरोग' का भाव स्वस्थ और संतुलित जीवन का मूल मंत्र है। विशेष रूप से युवाओं को योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्ति तनावमुक्त एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि युवा समाज और राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। योग उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए तैयार करता है। योग से विकसित सकारात्मक सोच युवाओं में माता-पिता के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को भी सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. किरण शर्मा ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य में पिछले एक माह से जिलेभर में प्री-योग दिवस गतिविधियों के तहत विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## हर दिन करें योग, तभी रहेंगे निरोग: विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने थानाकला में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुबह उठकर सबसे पहले योग करना चाहिए, क्योंकि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत रहता है और व्यक्ति अनेक प्रकार की बीमारियों से दूर रहता है। विवेक शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं होना चाहिए, बल्कि योग को जीवन की नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें 'हर दिन करें योग, तभी रहेंगे निरोग' का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।




## योग अपनाएं, रोग भगाएंः वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुटलैहड़ सेवा संगठन के सौजन्य से आशीर्वाद होटल, बंगाणा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया। बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, खिलाड़ी, युवा तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित रहता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संतुलन का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकाले तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में योग सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे मोबाइल और डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने के बजाय प्रतिदिन योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## वशिष्ट स्कूल ऊना के विद्यार्थियों ने लिया योग को अपनाने का संकल्प

अनंत ज्ञान



**ऊना।** बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित अन्य योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने भी योग सत्र में भाग लेते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, सशक्त और लचीला बनाने के साथ-साथ मन को शांत, एकाग्र और सकारात्मक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों पर पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और डिजिटल जीवनशैली का बढ़ता दबाव तनाव और मानसिक अस्थिरता का कारण बन रहा है। ऐसे समय में योग एक प्रभावी माध्यम है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से तनाव और चिंता जैसी समस्याओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू 26 को आएंगे कुटलैहड़: विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि 26 जून को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का कुटलैहड़ प्रवास प्रशासनिक, विकासात्मक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा क्षेत्रवासियों में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री दोपहर करीब एक बजे बंगाणा रेस्ट हाउस पहुंचेंगे। यहां सबसे पहले वे हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में नवनिर्वाचित हुए प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला परिषद सदस्य तथा वार्ड सदस्यों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्य मंत्री नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देने के साथ-साथ ग्रामीण विकास, पंचायतों की प्राथमिकताओं और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह बैठक स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के समक्ष अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं और विकास संबंधी सुझाव रखने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

## टाहलीवाल फायर पोस्ट बना सब फायर स्टेशन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश सरकार ने एक और बड़ी सौगात दी है। सरकार ने टाहलीवाल फायर पोस्ट को तत्काल प्रभाव से सब फायर स्टेशन के रूप में अपग्रेड करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही 16 नए पदों के सृजन तथा दो अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था को भी मंजूरी प्रदान की गई है। उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए लंबे समय से सब फायर स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग को पूरा किया है। नए सब फायर स्टेशन में एक सब फायर अधिकारी, एक लीडिंग फायरमैन, 10 फायरमैन तथा चार ड्राइवर-कम-पंप ऑपरेटर के पद सृजित किए गए हैं। इसके अलावा स्टेशन के लिए एक वाटर ब्राउजर और एक सीओ-2 फायर वाहन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

◆ **16 नए पद और दो वाहन मंजूर**

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस निर्णय से टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र सहित पूरे हरोली विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। औद्योगिक इकाइयों, स्थानीय निवासियों और संस्थानों को आगजनी एवं अन्य आपदाओं के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से बनाता है स्वस्थ एवं सशक्त : राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान


तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी योग करते हुए। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बलोह और त्यून खास में आयोजित योग शिविरों में भाग लेकर लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार है तथा इसे नियमित रूप से अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ व्यक्ति ही परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है।

त्यून खास में प्राचीन किलों एवं ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए धर्माणी ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इको-टूरिज्म समिति का गठन किया जाएगा तथा स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और व्यंजनों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय त्यून खास का औचक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो अतिरिक्त कमरों तथा रिटेनिंग वॉल का प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने किया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर द्वारा संचालित संस्था में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपना घर वृद्धाश्रम, देओली में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग एवं प्रार्थना के साथ हुआ। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाएं करवाईं। बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योग करने से तनाव कम होता है तथा व्यक्ति स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकता है। वृद्धाश्रम संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल ने बताया कि बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## योग को जीवन का नियमित हिस्सा बनाएंः राहुल कुमार



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लुहणू खेल मैदान में जिला आयुष विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है तथा कार्यक्षमता और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और योग व खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई तथा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुखविंदर कौर और डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका वात्स्यायन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नेशनल कराटे में मिनर्वा घुमारवीं के सार्थक ने जीता कांस्य पदक


कांस्य पदक जीतने वाले छात्र सार्थक को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के छठी कक्षा के छात्र सार्थक ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

इस उपलब्धि पर स्कूल में छात्र का स्वागत कर उसे सम्मानित किया गया। बजोहा वार्ड निवासी विवेक कुमार के पुत्र सार्थक ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर स्कूल पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में सार्थक को सम्मानित कर उसकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने कहा कि सार्थक ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने विश्वास जताया कि सार्थक भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगा। समारोह में विद्यार्थियों ने भी सार्थक की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे शुभकामनाएं दीं। वहीं, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि को घुमारवीं के लिए गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर लता ठाकुर, पूजा चंदेल व अनु चंदेल सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

## शिव महापुराण कथा में गणेश महिमा व त्रिपुरासुर वध का हुआ वर्णन

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** ग्राम पंचायत बैरी मियां में आयोजित शिव महापुराण कथा के छठे दिवस में कथा व्यास रसिक जी महाराज ने भगवान शिव एवं भगवान गणेश की विभिन्न दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा के दौरान महाराज ने भगवान गणेश की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्हें गजमुख (हाथी का सिर) प्राप्त हुआ तथा वे प्रथम पूज्य देवता के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा का विधान है, क्योंकि वे विघ्नों का नाश कर मंगल प्रदान करते हैं। गणेश जी के जन्म, उनकी महिमा और प्रथम पूज्य बनने की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इसके उपरांत कथा व्यास ने त्रिपुरासुर वध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि त्रिपुरासुर नामक असुर के अत्याचारों से देवता एवं समस्त सृष्टि त्रस्त हो गई थी। तब भगवान शिव ने अपने दिव्य पराक्रम से त्रिपुरासुर का संहार कर धर्म, सत्य और सृष्टि की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अधर्म और अहंकार का अंत निश्चित है तथा धर्म की सदैव विजय होती है। कथा के अंत में रसिक जी महाराज ने श्रद्धालुओं को सदाचार, प्रेम, भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से जीवन में सुख, शांति और आत्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

## ओपन एयर जेल से लेकर लुहणू मैदान तक योग और अध्यात्म का दिया संदेश



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था बिलासपुर द्वारा इस वर्ष योग और अध्यात्म को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था ने योग दिवस को केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखते हुए मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति और सकारात्मक जीवनशैली के संदेश के साथ मनाया।

संस्था की जिला कोऑर्डिनेटर रचना मेहता ने ओपन एयर जेल बिलासपुर में सजा काट रहे कैदियों के बीच विशेष योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान कैदियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। साथ ही उन्हें अध्यात्म, जीवन मूल्यों और ज्ञान दर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी का मानना है कि जब मन शांत और तनावमुक्त होता है, तभी व्यक्ति अपने जीवन में सही निर्णय लेने और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने में सक्षम बनता है।

वहीं जिला आयुष विभाग के सहयोग से लुहणू मैदान में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में भी आर्ट ऑफ लिविंग की सक्रिय भागीदारी रही। आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल टीचर सुकांत पाल चौहान तथा अन्य प्रशिक्षकों ने उपस्थित विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रीश्री रविशंकर की शिक्षाओं का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है।

## न्यूज ब्रीफ

### योग शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य एवं डीन डॉ. पंकज गुप्ता ने योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भारत के प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। योग गुरु राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन करवाए। कार्यक्रम में इमरान खान, बोधराज सहित एमबीबीएस बैच 2025 के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### योग को बनाएं जीवन का अहम हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के आशीर्वाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की चंबा शाखा के संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़ोनल इंचार्ज दुनी चंद ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, सेवादल स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कर प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। मिशन द्वारा योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन का माध्यम बताते हुए जनजागरुकता को प्रोत्साहित किया गया।

### श्री सनातन धर्म सभा चंबा की मासिक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** श्री सनातन धर्म सभा चंबा की मासिक बैठक रविवार को सभा भवन हटनाला में अध्यक्ष सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सभा ने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में कार्य करने की अपेक्षा जताई। संगठन विस्तार पर जोर देते हुए अधिक से अधिक लोगों को सनातन धर्म से जोड़ने का आह्वान किया गया। भरमौर में प्रस्तावित प्रवेश शुल्क पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से पुनर्विचार की मांग की गई। साथ ही मिंजर महोत्सव से जुड़ी बैठकों में स्थानीय संगठनों को शामिल न करने पर खेद जताया गया। सभा भवन के उपयोग एवं किराया निर्धारण सहित अन्य लंबित मामलों के समाधान की भी मांग की गई।

### भराड़ी गांव में छिंज मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र की गड़ाना पंचायत के भराड़ी गांव में लखदाता बाबा को समर्पित विशाल छिंज (कुश्ती) मेले का भव्य आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे मेला कमेटी द्वारा बाबा लखदाता और मां ज्वाला का आशीर्वाद लेकर मेले का शुभारंभ किया गया। हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने दंगल में अपने दमखम और कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें महिला पहलवानों ने भी भाग लेकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। मेला कमेटी के सचिव गणेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और भाईचारे की पहचान हैं। वहीं अध्यक्ष चमन लाल ठाकुर ने सभी ग्रामीणों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### पांगी घाटी के सुराल में मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पांगी घाटी के सुराल में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। मिलाप ठाकुर ने योग को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन की संपूर्ण जीवनशैली बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर, प्रदेश सचिव नेक राज, जिला सचिव कार्तिक ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसबीआई ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'स्वस्थ आयु के लिए योग' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर अपने स्थानीय प्रधान कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में विशेष योग सत्र का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (एफ एंड ओ) प्रवीण कुमार, अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। योग शिक्षक उमेश मित्तल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिनका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवीण कुमार ने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली, तनाव प्रबंधन और मानसिक मजबूती के लिए अत्यंत प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कर्मचारियों से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। यह आयोजन कर्मचारियों के लिए स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित कार्य वातावरण विकसित करने की एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एचीवर मीट में टॉपर्स हर्षिका को मिला विशेष सम्मान, छात्रों ने साझा किए सफलता के मंत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित एचीवर मीट में सीएलएटी (कानून प्रवेश परीक्षा), एआईएलईटी 2026 और कैट 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 100 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और करियर विशेषज्ञों की उपस्थिति में टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिह्न देकर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई।



एआईएलईटी 2026 में अखिल भारतीय रैंक 2 हासिल करने वाली भवन विद्यालय की छात्रा हर्षिका को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में कई टॉपर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी है। प्रश्नोत्तर सत्र में जूनियर छात्रों ने तैयारी से जुड़े सवाल पूछे और टॉपर्स से मार्गदर्शन प्राप्त किया। करियर मेंटर भारत जैन ने कहा कि अनुशासन और लगातार मेहनत ही सफलता का आधार है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और सही दिशा देना रहा।

## हिमाचल महासभा चंडीगढ़ ने बाबा बालकनाथ मंदिर में लगाई छबील, सहयोग का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-29 ए स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में हिमाचल महासभा चंडीगढ़ द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मंदिर के प्रधान विनोद कुमार चाबड़ा और महासभा अध्यक्ष पृथी सिंह प्रजापति शामिल रहे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और राहगीरों को छबील के साथ चने और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कई गणमान्य अतिथि और महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने किया। आयोजन के माध्यम से सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

## पंचकूला में रतन लाल कटारिया मेमोरियल नॉर्थ जन अंडर-14 क्रिकेट ट्रॉफी का अनावरण

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** स्वर्गीय रतन लाल कटारिया मेमोरियल नॉर्थ ज़ोन अंडर-14 बॉयज एंड गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण की ट्रॉफी का अनावरण पंचकूला में किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि होंगे, जबकि ओम प्रकाश देवीनगर और डॉ. प्रदीप गोयल विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जिसे सी.एफ.एच. (रजिस्टर्ड) और रतन लाल कटारिया सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर अंबाला जिले की पांच ग्राम पंचायतों को खेल किट भी वितरित की जाएंगी। टूर्नामेंट 24 जून से 30 जून तक ट्राई-सिटी के विभिन्न मैदानों में खेला जाएगा, जबकि फाइनल 30 जून को पंचकूला में आयोजित होगा।

# भाजपा बिजली बिलों में वृद्धि के विरोध में आज करेगी घेराव

## बिलों पर अतिरिक्त शुल्क लगाकर उपभोक्ताओं पर डाला बोझ: जय सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** प्रदेश में बिजली बिलों में कथित बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के विरोध में सोमवार को चंबा स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर भाजपा की ओर से धरना-प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा।

◆ बोले- बिजली बोर्ड कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ किया जाएगा प्रदर्शन

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ता इस प्रदर्शन में शामिल होकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। जय सिंह ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेशवासियों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद न केवल यह वादा पूरा नहीं हुआ बल्कि बिजली उपभोक्ताओं पर विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त शुल्क और टैक्स भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका असर सीधे आम जनता की जेब पर पड़ रहा है।

उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बिजली बिलों पर अतिरिक्त शुल्क लगाकर उपभोक्ताओं का आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। उनके अनुसार 100 रुपए के बिल पर 33.80 रुपए, 200 रुपए पर 67 रुपए, 300 रुपए पर 101.40 रुपए, 500 रुपए पर 169 रुपए तथा 1000 रुपए के बिल पर 336 रुपए तक अतिरिक्त चार्ज लगाया जा रहा है। जय सिंह ने यह भी कहा कि प्रदेश में पहले से प्रति यूनिट मिल्क सेस, पर्यावरण उपकर और अन्य शुल्क वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा स्मार्ट मीटर की लागत भी उपभोक्ताओं से किस्तों में ली जा रही है, जिससे बिजली उपभोक्ताओं पर कुल वित्तीय भार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली सब्सिडी भी अब सीमित दायरे में रह गई है और सामान्य परिवारों के मासिक बिजली बिलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर सोमवार को चंबा में बिजली बोर्ड कार्यालय का घेराव किया जाएगा और सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## योगाभ्यास को बनाएं दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा : अमित मैहरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चंबा के ऐतिहासिक चौगान में आयुष विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग' रही। अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने उपस्थित लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरोग एवं स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. योगेश जरयाल के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गए।

## बतोट स्कूल में एसएमसी की कार्यकारिणी गठित

# दलीप सिंह अध्यक्ष व नीशू देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित



बतोट स्कूल एसएमसी की नई कार्यकारिणी का गठित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बतोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बतोट में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दलीप सिंह को एसएमसी अध्यक्ष तथा नीशू देवी को उपाध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारी प्रधानाचार्य राज कुमार ने 20 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करते हुए सभी सदस्यों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के हितों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया और सभी से सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास पर चर्चा की गई तथा अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। सभी सदस्यों ने विद्यालय की प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने नई कार्यकारिणी एवं उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सामूहिक प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई

# होली-उतराला सड़क निर्माण की स्थिति स्पष्ट करे विभाग: संघर्ष समिति

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग भरमौर के अधिशाषी अभियंता से मुलाकात कर सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति को लेकर जानकारी मांगी। होली उतराला सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार और सचिव सुनील कुमार ने ज्ञापन सौंपने के बाद विभाग से निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता के समक्ष सभी तथ्य स्पष्ट करने की मांग की है ।

◆ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने लोनिवि अधिशाषी अभियंता से मांगी जानकारी

उन्होंने अधिशासी अभियंता से आग्रह किया कि होली-उतराला सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, अब तक हुए कार्य, एमसीसी कंपनी को आवंटित डंगों (रिटेनिंग वॉल) की संख्या तथा परियोजना पर खर्च किए जा रहे कुल बजट की जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर जानकारी चाहते हैं। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने यह भी मांग की कि निर्माण कार्य में लगी कंपनी कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क क्षेत्र के विकास और लोगों की आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

समिति ने अधिशासी अभियंता को बताया कि लोक निर्माण विभाग को इस परियोजना से संबंधित सभी जानकारियां पारदर्शी तरीके से जनता के समक्ष रखनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग जल्द ही सड़क निर्माण कार्य की स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भरमौर बीसी ठाकुर ने बताया कि इस मामले में संबंधित कनिष्ठ अभियंता को आदेश जारी कर दिए गए हैं वहीं इस पर समिति के सदस्यों को पूरी जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।

## भाजपा नेता नरेश रावत ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा नेता नरेश रावत के नेतृत्व में चुराह उपमंडल के नकरोड में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में नरेश रावत ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर लालचंद पुरी, डॉ. यासीन सहित लगभग 20 लोग उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और समाज को भी इस अभियान से जुड़ने का संदेश दिया।

## स्व. राजा वीरभद्र के जन्मदिन पर होली घाटी में होंगे सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के छह दशकों तक सक्रिय राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले और प्रदेश के सात बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय के 93वें जन्मदिवस के अवसर पर 23 जून को भरमौर की होली घाटी में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमणि कुलेठी ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से छवील सेवा, फल वितरण तथा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस को पूरे प्रदेश में सेवा और जनहित के कार्यों के माध्यम से मनाया जा रहा है। चंद्रमणि कुलेठी ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह का जनजातीय क्षेत्र भरमौर और विशेष रूप से होली घाटी से गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों के विकास, सड़क संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल सुविधाओं के विस्तार के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह को हिमाचल प्रदेश के विकास पुरुष के रूप में याद किया जाता है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूती मिली और दूरदराज के क्षेत्रों तक विकास की नई योजनाएं पहुंचीं।

## पंजाबियों पर 'इमोशनल ब्लडी फूल' टिप्पणी से विवाद, भाजपा प्रधान घिरे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाबियों के लिए 'इमोशनल ब्लडी फूल' शब्द के इस्तेमाल को लेकर स्थानीय भाजपा प्रधान जितेंदर पाल मल्होत्रा विवादों में घिर गए हैं। माफी के बावजूद मामला शांत नहीं हुआ है। आम आदमी पार्टी के पार्षद जसबीर सिंह लाडी ने इस टिप्पणी को लेकर आईसीएमएस (इंटीग्रेटेड कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत का संदर्भ संख्या आईसीएमएस/2026/023388 बताया गया है।

लाडी ने आरोप लगाया कि इस बयान से करोड़ों पंजाबियों की भावनाएं आहत हुई हैं और केवल माफी से बात खत्म नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी पूरे समुदाय का अपमान है और इसके लिए कार्रवाई जरूरी है। लाडी ने यह भी कहा कि बयान को 'भावुक' बताकर सही ठहराने की कोशिश की जा रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सख्त सजा की मांग की है।

## 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम के साथ छात्रों और फैकल्टी ने किया योगाभ्यास



अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सीजीसी लांडरां ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। छात्रों, जिनमें सीजीसी के एनसीसी कैडेट्स भी शामिल थे, तथा फैकल्टी सदस्यों ने इस वर्ष की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' के अनुरूप योग को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाकर सजग एवं समग्र स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम में कैंपस डायरेक्टर डॉ. राजदीप सिंह तथा छात्र कल्याण एवं एलुमनाई मामलों के निदेशक डॉ. गगनदीप भुल्लर की गरिमामयी उपस्थिति ने सभी को प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। खेल विभागाध्यक्ष कैप्टन विनोद जसवाल ने एक ऊर्जावान योग सत्र का संचालन किया, जिसमें विभिन्न योगासन एवं गहरी श्वास संबंधी अभ्यास शामिल थे, जिनका उद्देश्य शारीरिक फुर्ती, मानसिक शांति और आंतरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

सीजीसी के सेंट्रल पार्क की हरियाली, सुबह की ठंडी हवा और उगते सूर्य की सुनहरी किरणों के बीच, सीजीसी परिवार एक साथ योगाभ्यास के लिए एकत्रित हुआ और पूरे ध्यान, संकल्प तथा सामूहिक उल्लास के साथ योग का अभ्यास किया।

## निरंकारी मिशन ने उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# 'स्वस्थ मन, सहज जीवन' का दिया संदेश



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में चंडीगढ़ जोन के ज़ोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा मोहाली फेस 6, मोहाली, मनीमाजरा, पंचकूला तथा ट्राइसिटी के लगभग सभी संत निरंकारी सत्संग भवनों पर योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में सेकड़ों प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। सतगुरु माता अक्सर अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घआयु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है। इसी भावना के अनुरूप संत निरंकारी मिशन ने योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सशक्त माध्यम बताते हुए जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा के अनुसार, मिशन द्वारा देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था।

निसंदेह निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित यह जनकल्याणकारी अभियान समाज को स्वास्थ्य, जागरूकता और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित करते हुए समग्र कल्याण का संदेश प्रदान करता है।

## चंडीगढ़ में योग दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसआईआर प्रक्रिया पर विशेष फोकस

# हेल्प डेस्क, हस्ताक्षर अभियान से बढ़ाई जनभागीदारी



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ में 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision-SIR) अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तिरंगा पार्क, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। नागरिकों को अपने निर्वाचक नामावली विवरणों के सत्यापन एवं अद्यतन के लिए प्रेरित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की गई। यहां मतदाता पंजीकरण, निर्वाचक नामावली में संशोधन तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, SIR अभियान के उद्देश्य एवं महत्व से संबंधित सूचना पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया।

जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें नागरिकों ने निर्वाचन अभिलेखों के समयबद्ध सत्यापन एवं अद्यतन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, स्द्ध, अभियान से संबंधित जागरूकता संदेशों के साथ एक विशेष सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया एवं व्यक्तिगत नेटवर्क के माध्यम से अभियान का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किया।

इन गतिविधियों को नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और यह अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ। नागरिकों से अपील की गई कि वे 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलने वाले अभियान का लाभ उठाते हुए अपने निर्वाचक विवरणों का सत्यापन एवं अद्यतन अवश्य कराएं तथा एक सटीक एवं समावेशी निर्वाचक नामावली के निर्माण में योगदान दें।

इस बीच, बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) ने 21 जून तक चंडीगढ़ में लगभग 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र (Enumeration Forms) का वितरण पूरा कर लिया है। अब BLOs मतदाताओं से विधिवत भरे हुए प्रपत्र एकत्र करने के लिए पुन: घर-घर संपर्क करेंगे। नागरिकों को सूचित किया गया कि गणना प्रपत्र जमा करना अनिवार्य है तथा केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाएंगे जो निर्धारित प्रपत्र को सही रूप से भरकर जमा करेंगे।

# न्यायिक अधिकारियों व कर्मियों ने किया योग

## जिला न्यायालय परिसर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** अतुल कसाना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस योग कार्यक्रम में नीतिका वर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश; प्रशांत वर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश; रुपिंदर सिंह, सिविल जज (सीनियर डिवीजन); संगम कौशल तथा श्री अभय राजन शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सहित न्यायालय के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर मेघा धालीवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए एक प्रभावी साधन है। योग प्रशिक्षक डॉ. तरण कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि यह शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों से बचाव तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योग के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# योग भारत की अमूल्य विरासत : राज्यपाल

## कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व के 189 देशों तक पहुंचा योग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित योग दिवस समारोह में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी योग परंपरा आज पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है और हर परिवार को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक चेतना, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन दृष्टि का माध्यम है। यह भारत की अमूल्य विरासत है।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऐतिहासिक रिज पर योगासन करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता व अन्य लोग। अनंत ज्ञान

प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों ने लगभग डेढ़ घंटे तक विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम और आसनों का अभ्यास करवाया। प्रोफेसर डॉ. सत्य प्रकाश पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में राज्यपाल ने अपनी धर्मपत्नी एवं लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता के साथ योगाभ्यास कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, महापौर सुरेंद्र चौहान, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त हिमाचल की दिलाई शपथ

**कार्यक्रम** के दौरान राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त हिमाचल की शपथ दिलाई तथा उत्कृष्ट योग प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रिज मैदान में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, योग साधकों और आम नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण का संकल्प दोहराया। पूरे आयोजन ने स्वास्थ्य, अनुशासन, सकारात्मक सोच और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण आज दुनिया के 189 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के बाद योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्वभर में लोग इसे अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना रहे हैं।

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि योग भारत के ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि योग सामाजिक बुराइयों, तनाव, नशे की प्रवृत्ति और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से लड़ने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक पवित्रता को बनाए रखने के लिए भी योग एक सशक्त साधन साबित हो सकता है।

## एचआरटीसी कर्मचारियों ने दी चेतावनी

# मांगें नहीं मानीं तो 25 से शुरू करेंगे 'काम छोड़ो आंदोलन'

◆ **कहा-परिवहन सेवाएं बाधित होने के लिए परिवहन निगम और सरकार होगी जिम्मेदार**

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** एचआरटीसी चालक, परिचालक एवं तकनीकी कर्मचारियों का लंबित वित्तीय लाभों की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन रविवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। इस दौरान सरकाघाट बस स्टैंड में गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन आयोजित कर कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए परिचालक इकाई अध्यक्ष जयकिशन राणा और चालक प्रतिनिधि कमलेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2016 के पे-स्केल एरियर की किस्त, 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) तथा पिछले छह वर्षों के ओवरटाइम और नाइट भत्ते का भुगतान अभी तक कर्मचारियों को नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को 2016 के संशोधित वेतनमान का लाभ वर्षों पहले मिल चुका है, जबकि एचआरटीसी कर्मचारियों को आज भी अपने वैध वित्तीय अधिकारों के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने कहा कि लगातार हो रही अनदेखी से उनमें भारी रोष है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 24 जून तक उनकी लंबित मांगें पूरी नहीं की गईं तो 25 जून से पूरे प्रदेश में 'काम छोड़ो आंदोलन' शुरू किया जाएगा। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के कारण परिवहन सेवाएं प्रभावित होने पर इसकी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन और राज्य सरकार की होगी। प्रदर्शन में चालक यूनियन, परिचालक यूनियन और तकनीकी संगठन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# बंगाणा की चौकीमन्यार-कैंट सड़क पर पिकअप के पलटने से चालक की मौत

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत चौकीमन्यार-कैंट सड़क मार्ग पर शनिवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में टकारला गांव निवासी 46 वर्षीय अजय कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय कुमार शनिवार शाम अपनी पिकअप गाड़ी में जंगल से लकड़ी लेकर घर लौट रहे थे। जब वह चौकीमन्यार-कैंट सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तो सड़क के किनारे की मिट्टी अचानक धंस गई। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी ढलान में पलट गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि अजय कुमार वाहन के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें वाहन के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद घायल अवस्था में उन्हें तुरंत उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बताया जा रहा है कि अजय कुमार अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। अचानक हुई इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव टकारला सहित आसपास के क्षेत्र में भी शोक का माहौल है और लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क मार्ग की खराब स्थिति और किनारों के लगातार धंसने पर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से सड़क की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

डीएसपी अजय ठाकुर ने बताया कि पिकअप वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव टालने पर भड़के भुट्टो

## प्रशासन और विधायक पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- किसके दबाव में तय की 28 जून की तारीख

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने उपमंडल बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि में किए गए बदलाव को लेकर कुटलैहड़ के विधायक तथा जिला एवं मंडल प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब पहले बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए 23 जून की तिथि निर्धारित की गई थी, तो फिर अचानक उसे बदलकर 28 जून किसके कहने पर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में बार-बार बदलाव किए जाने से प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रशासन को पूरी तरह निष्पक्ष रहना चाहिए, लेकिन चुनाव की तिथि बदलने से लोगों के मन में कई तरह की शंकाएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर किन परिस्थितियों में पहले तय कार्यक्रम में बदलाव किया गया।

भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने दावा किया कि उपमंडल बंगाणा में भाजपा के पास 14 भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य हैं, जो लंबे समय से पार्टी के समर्पित और वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने सभी समर्थित सदस्यों पर पूरा विश्वास है और कोई भी सदस्य किसी दबाव या प्रलोभन में आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस या कोई

◆ **भाजपा के पास 14 समर्थित बीडीसी सदस्य होने का दावा**

अन्य दल भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्यों को न तो खरीद सकता है और न ही उन्हें अपने पक्ष में कर सकता है। भुट्टो ने कहा कि भाजपा के सभी सदस्य पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा रखते हैं और वे किसी भी परिस्थिति में पार्टी का साथ नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि बीडीसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार ही विजयी होंगे। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने आरोप लगाया कि सरकार, प्रशासन और स्थानीय विधायक चाहे जितना भी प्रयास कर लें, लेकिन भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्यों को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार का दबाव बनाने का प्रयास किया गया तो भाजपा उसका लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी यह भूल रहे हैं कि जिन लोगों के दबाव में वे निर्णय ले रहे हैं, वे हमेशा सत्ता में नहीं रहने वाले।

### पूर्व विधायक बोले-भाजपा के धैर्य की परीक्षा न लें अधिकारी



**पूर्व** विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भाजपा संगठन धैर्य के साथ पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन यदि प्रशासन ने निष्पक्षता नहीं दिखाई तो पार्टी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है, लेकिन यदि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से छेड़छाड़ हुई तो पार्टी जनता के साथ मिलकर विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि खरीद-फरोख्त की बातें पूरी तरह निराधार हैं। उनके अनुसार भाजपा समर्थित 14 बीडीसी सदस्य इतने प्रतिबद्ध हैं कि वे विपक्ष के किसी भी प्रतिनिधि से इस विषय पर बातचीत तक नहीं करेंगे। भुट्टो ने विश्वास जताया कि उपमंडल बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार ही निर्वाचित होंगे और जनता का विश्वास भाजपा के साथ बना रहेगा।

### समर्थकों के साथ किया योगाभ्यास

**बंगाणा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने थानाखास गौशाला में अपने समर्थकों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई भी की तथा लोगों से योग और स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों और गौशाला से जुड़े सदस्यों ने सामूहिक योगाभ्यास किया । भुट्टो ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहे हैं, जिसके कारण अनेक प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

## युवती को धमकाने पर युवक पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल पुलिस थाने में एक युवती की शिकायत पर उसके पड़ोस में रहने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। युवती ने आरोप लगाया है कि आरोपी लगातार उसे परेशान कर रहा है, स्टॉकिंग कर रहा है, गाली-गलौज कर रहा है और धमकियां दे रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अंकुश चौपाल उपमण्डल का रहने वाला है और पहले भी शिकायत होने के बावजूद उसे परेशान कर रहा है। युवती के अनुसार 5 जून को आरोपी ने उनके पीछे-पीछे आकर उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी लगातार उन्हें परेशान कर रहा है, जिससे उन्हें डर और मानसिक तनाव हो रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 78, 79 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में है और आगे की जांच कर रही है।

## प्रदेश में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट) शुरू हुई। नीट अभ्यर्थियों के लिए एचआरटीसी की ओर से आने-जाने के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू की गई है। यह सुविधा निगम की साधारण बसों में दी गई है। शिमला में नीट यूजी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। जिले के नौ परीक्षा केंद्रों पर कुल 3738 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हुई । परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की कतारें रहीं। चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। शिमला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में संजौली महाविद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लालपानी, पोर्टमोर व जाखू, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल समरहिल, हिमाचल विश्वविद्यालय विधि विभाग, राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कॉलेज चौड़ा मैदान और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

## पूर्व सांसद सुरेश चंदेल ने टाहलीवाल में दिया स्वच्छता का संदेश



अनंत ज्ञान, ऊना। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान व विश्व पर्यावरण पौधरोपण कार्यक्रम के मौके पर टाहलीवाल बाजार में पूर्व सांसद व भाजपा नेता सुरेश चंदेल नें स्वंय झाड़ू लगाकर बस स्टैंड सहित बाजार में कई दुकानों के आगे साफ सफाई की व कूड़ा कर्कट इकठा भी किया, इसके उपरांत उन्होंने वार्ड 7 में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नें केंद्रीय स्तर पर यह निर्धारित किया हैं की हर विधानसभा में स्वच्छता के कार्यक्रम हों जिसमे नेताओं सहित कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में भाग लें व जन जागरण हेतु स्वछता को करें ताकि बाकी लोग भी प्रभावित होकर उस अभियान को आगे बढ़ाए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर पौधरोपण किया व कहा की पार्टी द्वारा निर्धारित इस कार्यक्रम में एक पैक जोकि आपने बजुर्गों के नाम से लगेगा उसकी सुरक्षा व उसका पोषण सभी तरह का पौधरोपण करने वाला करेगा, जिससे पर्यावरण भी साफ सुथरा होगा। इससे समाज में अधिक से अधिक लोग पौधे लगाएंगे जिससे यहां हरियाली होंगी वही पर्यावरण में भी सुधार होगा। इस अवसर पर हरोली भाजपा नेता प्रो राम कुमार भी उनके साथ रहें उन्होंने नें भी टाहलीवाल बस स्टैंड से लेकर बाजार तक स्वछता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पौधरोपण भी किया।

## पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से मिला तीन पंचायतों का प्रतिनिधिमंडल

# सिंचाई नहर की सफाई, बैहना-भडयाल संपर्क सड़क की मरम्मत कराने की मांग

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** टिक्कर कलां, भडयाल और चंडयाल पंचायतों के 10-15 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की विभिन्न जनहित समस्याओं और विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई।



पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से समस्याओं को लेकर बात करने पहुंचा टिक्कर कलां, भडयाल और चंडयाल पंचायत का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

भडयाल पंचायत के पूर्व उपप्रधान एवं समाजसेवी खूब राम लुहाखरा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री को एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बग्गी से टिक्कर, रोपा, कभाल और बैहना तक बाधित पड़ी सिंचाई नहर की सफाई करवाने तथा नहर का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए जल शक्ति विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की गई।

इसके अलावा बैहना-टिक्कर-मलवाणा-भडयाल लिंक रोड की खस्ता हालत सुधारने, सड़क की मरम्मत करवाने तथा मार्ग को सुचारु रूप से बहाल करने की मांग भी उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाने और संबंधित विभागों के समक्ष मामला रखने का आश्वासन दिया।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को लेकर झूठ बोल रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : आशीष शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा और भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को लेकर लगातार झूठ पर झूठ बोल रहे हैं और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा करवाए गए विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने की बीमारी लग गई है, जबकि सच्चाई और तथ्य कुछ और ही कहानी बयां करते हैं। आशीष शर्मा और विजय अग्निहोत्री ने कहा कि मोदी सरकार में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के कार्यकाल में 2015 में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सतत प्रयासों से जोलसप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति मिली और इसके लिए 174 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि केंद्र की स्वीकृति के बावजूद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लगभग ढाई वर्षों तक इस परियोजना को लटकाए रखा और भूमि तक उपलब्ध नहीं करवाई। वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भूमि उपलब्ध करवाई गई तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने के बाद 6 जून 2018 को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की उपस्थिति में डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने मूल परियोजना लागत 189 करोड़ रुपये में अपने 90 प्रतिशत हिस्से के रूप में 170.10 करोड़ रुपये जारी किए हैं। अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेजों के लिए भी समान वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय की 24 अक्टूबर 2021 की प्रेस विज्ञप्ति में 157 मेडिकल कॉलेजों के लिए लगभग 17,691.08 करोड़ रुपये के आवंटन का विवरण उपलब्ध है, जिसमें प्रति मेडिकल कॉलेज 189 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। विजय अग्निहोत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की स्मृति को ताजा करते हुए यह बताना आवश्यक है कि 1 मार्च 2014 को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद ने मंडी में एक कार्यक्रम के दौरान चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेजों की घोषणा की थी। यह घोषणा बिना किसी बजटीय प्रावधान के की गई थी और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज का कहीं कोई उल्लेख नहीं था।

**सुविधा** सरकार का ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध करवाने पर विशेष बल

# एफडीआर तकनीक से निर्मित हो रहीं करसोग की सड़कें

अनंत ज्ञान

**मंडी।** राज्य सरकार द्वारा सड़क अवसंरचना को सुदृढ़, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के लिए प्रभावी सड़क विकास नीति अपनाई जा रही है। ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों तक आधुनिक तकनीक पर आधारित बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध करवाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृतीय चरण पीएमजीएसवाई-3 में मंडी जिला की करसोग क्षेत्र में सड़कों के निर्माण में आधुनिक तकनीक एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन का प्रयोग किया जा रहा है। सड़कें विकास की आधारशिला मानी जाती हैं। मंडी के करसोग क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और बढ़ते यातायात दबाव के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्यों में



आधुनिक तकनीक को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है, ताकि लोगों को लंबे समय तक बेहतर, आरामदायक और सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

जिला के करसोग क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों का पुनर्निर्माण एफडीआर तकनीक के माध्यम से किया गया है। इनमें लगभग 17 किलोमीटर लंबी खील से भगालू सड़क, 11 किमी लंबी खील से कुफरी माहूंनाग, चलोग से बगैला लगभग 10 किलोमीटर तथा केलोधार से स्यांज सड़क लगभग 15 किलोमीटर शामिल है। इन सभी सड़कों के पुनर्निर्माण पर लगभग 44.50 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे है। इन सड़क परियोजनाओं से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हुई है तथा आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित बना है। एफडीआर अर्थात फुल डेप्थ रिक्लेमेशन सड़क पुनर्निर्माण की एक आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक है। इस विधि में सड़क की पुरानी एवं क्षतिग्रस्त परतों को पूरी गहराई तक मशीनों की सहायता से उखाड़ कर पुनः उपयोग में लाया जाता है। पुरानी सामग्री को विशेष तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से मजबूत आधार परत में परिवर्तित किया जाता है, जिसके ऊपर नई सड़क का निर्माण किया जाता है। इस प्रक्रिया से सड़क की पूरी संरचना मजबूत होती है तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित होती है, साथ ही पुरानी सामग्री के पुनः उपयोग से संसाधनों का संरक्षण भी होता है। पारंपरिक सड़क मरम्मत कार्य में आमतौर पर केवल ऊपरी सतह को ठीक किया जाता है, जबकि सड़क की निचली परतों में मौजूद कमजोरियां बनी रहती हैं। इसके कारण कुछ समय बाद सड़क पर पुनः दरारें और गड्ढे बनने लगते हैं। एफडीआर तकनीक इन कमियों को दूर करती है और सड़क की पूरी संरचना को सुदृढ़ बनाती है। विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में जहां वर्षा, तापमान में बदलाव तथा भौगोलिक परिस्थितियों का प्रभाव अधिक होता है, वहां यह तकनीक अधिक प्रभावी सिद्ध हो रही है।

लोक निर्माण विभाग मंडल करसोग के कार्यकारी अधिशाषी अभियंता अजय राज गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की सड़क विकास नीति के तहत करसोग क्षेत्र में पीएमजीएसवाई-3 के अन्तर्गत बनने वाली सड़कों में एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। यह तकनीक सड़कों की मजबूती और गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ उनकी आयु में भी वृद्धि करती है।